


# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 35 अंक 180 | कोरबा, सोमवार, दिनांक 01 अप्रैल 2024 डाक 02 अप्रैल 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

मेरठ में एक चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को माला पहनाई गई...





**देश-विदेश**

बेटी की शादी के लिए जमा किया था पैसा बदमाशों ने एटीएम बदलकर खाता किया खाली





**फीचर पेज**

देव शक्तियों की आराधना के प्रमुख केन्द्र हैं मंदिर




# कच्चातिवु पर कांग्रेस और डीएमके की उदासीनता से मछुआरों के हितों को हुआ नुकसानः पीएम मोदी

**चेन्नई, 01 अप्रैल [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कच्चातिवु मुद्दे पर कांग्रेस और डीएमके पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि दोनों परिवारवादी पार्टियों की उदासीनता के कारण मछुआरों के हितो को नुकसान हुआ है। एक्स पर एक पोस्ट में, पीएम मोदी ने कहा, बयानबाजी के अलावा, डीएमके ने तमिलनाडु के हितों की रक्षा के लिए कुछ भी नहीं किया है। कच्चातिवु पर सामने आए नए विवरणों ने डीएमके के दोहरे मानकों को उजागर कर दिया है। कांग्रेस और डीएमके पारिवारिक इकाइयां हैं। वे केवल अपने बेटे-बेटियों की परवाह करते हैं। उन्हें किसी और की परवाह नहीं है। कच्चातिवु पर



उनकी उदासीनता ने, विशेष रूप से हमारे गरीब मछुआरों के हितों को नुकसान पहुंचाया है। प्रधानमंत्री तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के.अन्नामलाई को दिए विदेश मंत्रालय के एक आरटीआई जवाब पर आधारित मीडिया रिपोर्ट का जवाब दे रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तत्कालीन प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत सरकार ने 1974 में कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया ।

आरटीआई के जवाब में विदेश मंत्रालय ने कहा कि देश के पहले प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लिखा था कि द्वीप अप्रासंगिक है और इसे अपने पास रखने का कोई कारण नहीं है। अन्नामलाई द्वारा प्राप्त और सार्वजनिक डोमेन में मौजूद दस्तावेज़ में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि तत्कालीन अटॉर्नी जनरल और विख्यात अधिवक्ता एम.सी. सीतलवाड ने सलाह दी थी कि कच्चातिवु द्वीप पर अधिकार बनाए रखने के लिए भारत के पास ठोस कानूनी आधार है, क्योंकि ईस्ट इंडिया कंपनी ने इस द्वीप को तत्कालीन रामानाद (रामनाथपुरम) के राजा को सौंप दिया था।

गौरतलब है कि श्रीलंकाई नौसेना द्वारा भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार करने और उनकी महंगी नौकाओं को जब्त करने से तमिलनाडु के मछुआरों को कठिन स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। इस साल जनवरी से अब तक 125 से अधिक तमिल मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार किया गया है। मछुआरों की गिरफ्तारी और महंगी नौकाओं को जब्त करने के खिलाफ रामनाथपुरम, नागापट्टिनम, पुडुकोट्टई और तमिलनाडु के मछली पकड़ने वाले कई गांवों में मछुआरे परिवार हड़ताल पर हैं।

## सेक्सटॉर्शन में फंसा कर दो लोगों से वसूले 25 लाख रुपये तीन आरोपी फरार, गिरफ्तारी के लिए बनाई पांच टीमें

**बलौदाबाजार 01 अप्रैल।** नगर में इस समय चल रहे बहुचर्चित सेक्स स्कैंडल पर अततः बलौदा बाजार सिटी कोतवाली ने प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामले में पीड़ितों विस्तृत पूछताछ की है। बताया गया कि पीड़ितों को झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर मोटी वसूली की जाती थी।इस गिरोह के मुख्य सरगना मोंटी उर्फ प्रत्यूष मरैया के अलावा दुर्गा टंडन, शिरीष पांडे, महान मिश्रा व अन्य आरोपी यों द्वारा महिलाओं को पीड़ितों के घरो में भेजते थे और बाद में दबाव डालकर मोटी रकम उगाही की जाती थी। मामले में पुलिस आरोपियों के ठिकानों पर छोपमार कार्रवाई भी कर रही है। इस मामले में मुख्य सरगना दुर्गा टंडन, मोंटी उर्फ़ प्रत्युष मरैया, शिरीष पांडे अभी फरार है। दुर्गा टंडन के घर के बाहर पुलिस बल लगा दिया गया है। साथ इनकी तलाश के लिए पुलिस की 5 स्पेशल टीम भी बनाई गई है। अब तक की जांच में सामने आया है कि 2 पीड़ितों को सेक्सटॉर्शन में फंसाकर लगभग 25 लाख रुपये की वसूली की गई है।

## सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में मारा गया एक नक्सली मौके से बड़ी संख्या में हथियार बरामद



**सुकमा।** इलाके में सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सुरक्षा बलों की टेटमड़ुगु इलाके में नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। बताया जाता है कि डीआरजी व कोबरा 208 व 204 बटालियन के जवान इलाके में सर्चिंग पर निकले थे । इस दौरान दोनों ओर से फायरिंग हुई। जवानों ने नक्सलियों की फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब दिया। मुठभेड़ में एक माओवादी के मारे जाने की खबर मिली है। सुरक्षाबलों के अनुसार मौके से हथियार और भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद की गई। जवानों की सर्चिंग जारी है। एसपी किरण चव्हाण ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।

## नरवाई में लगी आग बुझाने के दौरान जिंदा जल गया वृद्ध मजदूर

**आठनेर 01 अप्रैल।** बैतूल जिले के आठनेर थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम उमरी में रविवार शाम को नरवाई में लगी आग झोपड़े तक आ जाने पर उसे बुझाने के दौरान 60 वर्षीय वृद्ध मजदूर जिंदा जल गया।आग और धुआं कम होने पर वृद्ध का शव जली हुई अवस्था में खेत की मेड़ पर नजर आया। सूचना मिलने पर आठनेर पुलिस मौके पर पहुंचकर विवेचना कर रही है।

## अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा चीन, अरुणाचल प्रदेश पर फिर ठोका दावा

**बीजिंग।** चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। एक बार फिर चीन ने नापाक हरकत की है। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, चीन ने अरुणाचल प्रदेश की कई जगहों के नाम बदल दिए हैं। दरअसल, चीन ने अरुणाचल प्रदेश में विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में चीन ने अरुणचाल प्रदेश की 30 जगहों के नाम बदले हैं। हालांकि, भारत ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने की बात को खारिज किया है। भारत ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश देश का अभिन्न हिस्सा है और उसका नाम बदल देने से इस वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि ये आदेश 1 मई से लागू करने के लिए अनुच्छेद 13 में प्रावधान किया गया है। इसमें कहा गया है कि चीन के क्षेत्रीय दावों और संप्रभुता के अधिकारों को नुकसान पहुंचाने वाली विदेशी भाषाओं में नामों को बिना प्राधिकरण सीधे उद्धृत या अनुवाद नहीं किया जाएगा।

## 15 अप्रैल तक तिहाड़ में रहेंगे अरविंद केजरीवाल जेल में स्पेशल डाइट, गीता और रामायण मांगी

**नईदिल्ली, 01 अप्रैल [एजेंसी]।**



दिल्ली शराब नीति कांड में मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के सबसे बड़े नेता अरविंद केजरीवाल को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। केजरीवाल को तिहाड़ जेल में रखा जाएगा। सोमवार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने यह आदेश दिया। जेल भेजे जाने से पहले केजरीवाल की ओर से जेल में स्पेशल डाइन (सेहत को देखते हुए), दवाएं, पुस्तकें, गीता-रामायण और जपने के लिए माला की मांग की गई। साथ ही पत्नी सुनीता के साथ ही मंत्री आतिशी से भी मिलने की अनुमति दी है। पिछली सुनवाई में राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल की रिमांड 1 अप्रैल तक बढ़ा दी थी, जो आज खत्म हो गई। केजरीवाल की ओर से अब तक जमानत की अर्जी दाखिल नहीं की गई है। माना जा रहा है कि केजरीवाल जानबूझकर ऐसा कर रहे हैं।आज की सुनवाई के दौरान ईडी ने और रिमांड मांगने से इनकार करते हुए आरोप लगाया कि केजरीवाल जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। इसके साथ ही ईडी ने केजरीवाल को न्यायिक हिरासत में भेजने की मांग की। न्यायिक हिरासत में भेजे जाने का मतलब है कि केजरीवाल को तिहाड़ जेल भेजा जाएगा। सुनवाई के लिए केजरीवाल की पत्नी सुनीता भी कोर्ट में मौजूद रहीं। कोर्ट ले जाते समय अरविंद केजरीवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी जो कर रहे हैं, वो देश के लिए ठीक नहीं है। अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था। 22 मार्च को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां 28 मार्च तक कस्टडी में भेज दिया गया था।

## तेल कंपनियों ने घटाई कमर्शियल और एफटीएल सिलेंडरों की कीमतें, आज से लागू होंगे नए दाम



**नईदिल्ली, 01 अप्रैल [एजेंसी]।**

तेल कंपनियों ने 19 किलो कमर्शियल सिलेंडर और पांच किलो एफटीएल (फ्री ट्रेड एलपीजी) सिलेंडर की कीमतें कम कर दीं हैं। सूत्रों ने बताया कि 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत अब 30.50 रुपये कम की गई है। दिल्ली में एक अप्रैल से इसकी कीमत 1764.50 होगी। पांच किलो एफटीएल की कीमत अब 7.50 रुपये कम हो गई है।एक मार्च को तेल कंपनियों ने एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की थी। 19 किलो कमर्शियल सिलेंडर की कीमतें 25 रुपये बढ़ा दी गई थी, जिसके बाद इसका दाम बढ़कर 1795 प्रति सिलेंडर हो गया था। एक फरवरी को इंडेन गैस सिलेंडर की कीमतें मेट्रो शहर दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में अलग अलग थी। एक मार्च के बाद से सभी मेट्रो शहरों में इंडेन गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि देखी गई। मार्च में सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को 3,300 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 4,600 रुपये प्रति टन कर दिया था। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। अधिसूचना के मुताबिक, घरेलू कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर बढ़ाया गया था, लेकिन डीजल के निर्यात पर लगने वाले कर को 1.50 रुपये प्रति लीटर से घटाकर शून्य कर दिया गया था।

इसके अलावा पेट्रोल और विमान ईंधन (एटीएफ) पर लगने वाले कर को पहले की तरह शून्य रखा गया था। हालांकि, फिलहाल सिलेंडर की कीमतों को कम करने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) हर महीने की पहली तारीख को रसोई गैस की कीमतों में संशोधन करते हैं। कीमतों में उतार-चढ़ाव ईंधन की लागत और बाजार के हाल पर निर्भर करती है।

## दिल्ली में घुसा तेंदुआः बुराड़ी में कई लोगों पर किया हमला, पूरे इलाके में दहशत का माहौल



**बाहरी दिल्ली।** दिल्ली में पहली बार तेंदुआ घुसने की खबर सामने आई है। बुराड़ी के जगतपुर गांव में तेंदुआ घुस गया, जिसके बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक, तेंदुए ने कई लोगों पर हमला भी किया और वो घायल हो गए। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस प्रशासन पहुंचा और घटना के बारे में वन विभाग की टीम को जानकारी दी गई। दिल्ली में पहली बार तेंदुए ने लोगों पर हमला किया है। आज सुबह 6.14 बजे वजीराबाद में आदर्श नगर गली नंबर 3 के पास जगतपुर गांव में तेंदुआ घर में घुस गया है। जिसकी सूचना पुलिस को मिली। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और वन अधिकारियों को सूचित किया गया। तेंदुए ने 3 लोगों पर हमला किया। जिनकी पहचान हो गई है। पुलिस ने बताया कि महेंदर, आकाश और रामपाल पर हमला किया गया। ये सभी जगतपुर गांव के रहने वाले हैं। फिलहाल, मौके पर वन विभाग की टीम के 7 लोग और स्थानीय पुलिस के साथ अग्निशमन विभाग की टीम मौजूद है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

## छिंदवाड़ा में कमल नाथ को फिर झटका, महापौर विक्रम अहाके भी हुए भाजपा के, बोले- ऐसी पार्टी में नहीं रहना जहां आदिवासियों का अपमान हो

**छिंदवाड़ा, 01 अप्रैल [एजेंसी]।**



छिंदवाड़ा में कमल नाथ को सीएम डाक्टर मोहन यादव के दौरे के पहले फिर बड़ा झटका लग गया है। नगर निगम के महापौर विक्रम अहाके कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ले ली है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा- नकुल नाथ ने आदिवासी अंचल का अपमान किया है। छिंदवाड़ा महापौर विक्रम भाई ने कहा कि उन्हें ऐसी पार्टी में नहीं रहना जहां आदिवासियों का अपमान हो। इसके लिए महापौर सीएम हाउस पहुंच गए थे और सुबह नौ बजे भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इसके पहले भी कांग्रेस के 7 पार्षदों ने भाजपा की सदस्यता ली थी। छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहाके भाजपा प्रदेश नेताओं के संपर्क में रहे।

अभी मुख्यमंत्री निवास पर छिंदवाड़ा के कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का सोमवार को छिंदवाड़ा आगमन हो रहा है। मुख्यमंत्री चौरई में रोड शो करेंगे। जिसके बाद शहपुरा में सभा को संबोधित करेंगे। रात्रि 8.30 बजे जिला मुख्यालय में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में व्यापारियों को भी आमंत्रित किया गया है। छिंदवाड़ा में रात्रि विश्राम के बाद मुख्यमंत्री मंगलवार सुबह सामाजिक बंधुओं की बैठक में शामिल होंगे।

## हैदराबाद से अंबिकापुर जा रहे थे 12 बच्चे, दुर्ग में किए गए रेस्क्यू




**भिलाई, 01 अप्रैल [एजेंसी]।**

हैदराबाद के बालाजी गुरुकुल से बिना किसी व्यस्क जिम्मेदार व्यक्ति के अंबिकापुर भेजे जा रहे 16 बच्चों को चाइल्ड लाइन ने आरपीएफ के साथ मिलकर दुर्ग रेलवे स्टेशन से रेस्क्यू किया है। सभी बच्चे सिकंदराबाद रायपुर एक्सप्रेस से दुर्ग तक आए थे और दुर्ग से दुर्ग अंबिकापुर एक्सप्रेस से अंबिकापुर जाने वाले थे। इसी दौरान दुर्ग रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार पर बैठे सभी बच्चों पर आरपीएफ की टीम की नजर पड़ी। पूछताछ में बच्चों ने अपने साथ किसी व्यस्क के न होने की जानकारी दी। इस पर आरपीएफ ने चाइल्ड लाइन को जानकारी दी और बच्चों को रेस्क्यू कर उन्हें सीडब्ल्यू के समक्ष पेश किया गया। जहां से बच्चों को बाल गृह में भेजा गया है। दो दिन पहले आरपीएफ और सीआइबी की टीम दुर्ग स्टेशन के प्लेटफार्म में सर्चिंग कर रही थी। तभी उनकी नजर प्लेटफार्म नंबर चार में बैठे बच्चों पर पड़ी। उन्होंने पहले बच्चों से पूछताछ की तो पता चला कि वे लोग हैदराबाद के बालाजी गुरुकुल के विद्यार्थी हैं और सभी अंबिकापुर जा रहे हैं। लेकिन, उनके साथ कोई भी व्यस्क जिम्मेदार व्यक्ति नहीं था।

इसके बाद सभी बच्चों को स्टेशन के विशेष कक्ष में ले जाया गया और चाइल्ड लाइन को बुलाकर सौंपा गया। दुर्ग स्टेशन पर मिले सभी 12 बच्चे देश के विभिन्न प्रदेशों से है। जिसमें तीन बच्चे झारखंड, दो नागालैंड, एक असम और छह बच्चे छत्तीसगढ़ के हैं। जिनमें छत्तीसगढ़ तीन बच्चे 3 रायगढ़, एक पेंड्रा, एक बलौदा बाजार, एक जशपुर का है।

इस मामले में गुरुकुल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। रेस्क्यू किए गए बच्चों में 11 की उम्र छह से 12 साल है और सिर्फ एक बच्चा 16 साल का है। यदि बच्चे कहीं भटक जाते या किसी अन्य दुर्घटना का शिकार हो जाते तो इसका जिम्मेदार कौन होता। फिलहाल अभी सीडब्ल्यूसी की टीम मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## तीन मंजिला इमारत में आग लगने से मचा हड़कंप, घरेलू सामान जलकर खाक

*__दुर्ग।__ भिलाई टाउनशिप के सेक्टर-6 स्थित तीन मंजिला इमारत के एक मकान में आग लग गई। आग लगने से घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। हालांकि आग किस वजह से लगी इसका पता नहीं चल सका है। अग्निशमन और आपातकालीन सेवाएं विभाग के मुताबिक, उन्हें रविवार शाम करीब 6 बजे सूचना मिली थी कि एक मकान में आग लगी है। सूचना मिलते ही दुर्ग से फायर ब्रिगेड लेकर टीम रवाना हुई। समय रहते आग बुझाने का काम शुरू किया गया। सेक्टर में प्रवीण पटेल का तीन मंजिला मकान है। जिसमें सबसे ऊपर आग लगी थी। अग्निशमन विभाग की टीम ने एक गाड़ी पानी की मदद से आग पर काबू पाया। उनका कहना है कि यदि आग बुझाने और देर होती तो आग आसपास के अन्य घरों को भी अपनी चपेट में ले लेती। समय पर आग बुझाने से बड़ा हादसा टल गया।*







स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


**काशी विश्वनाथ मंदिर**

## सावन से ज्यादा मार्च में आए श्रद्धालु नॉन फेस्टिवल सीजन में भक्तों का बना नया रिकॉर्ड

**वाराणसी, 01 अप्रैल [एजेंसी]।**



श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में एक दिन में सर्वाधिक श्रद्धालुओं के दर्शन-पूजन का नया रिकॉर्ड बन गया। नॉन फेस्टिवल सीजन होते हुए भी रविवार 6.37 लाख श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर दर्शन किए।

मंदिर प्रशासन के मुताबिक, मार्च में सावन से भी ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि मार्च 2024 में 95.63 लाख श्रद्धालु आए हैं। इससे पहले अगस्त 2023 यानी सावन में 95.62 लाख श्रद्धालु आए थे। पिछले वर्ष मार्च में 37.1 लाख श्रद्धालु आ सके थे, लेकिन इस मार्च में यह संख्या दोगुने से भी ज्यादा हो गई। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2021 में विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण हुआ था। तब से हेड काउंटर कैमरा के जरिये श्रद्धालुओं की संख्या वैज्ञानिक पद्धति से निरंतर दर्ज की जा रही है।

# लायंस क्लब के सेवा कार्यो से लगभग डेढ़लाख लोग हुए लाभान्वित



कोरबा। लायंस क्लब का उदेश्य मानव सेवा करना है जिसके लिए लायंस क्लब के पदाधिकारी व प्रत्येक सदस्य तत्पर रहते हैं। लायंस क्लब के रीजन का कार्यकाल 1 जुलाई से लेकर 30 जून तक का रहता है, जिसमें से 9 माह पूरे हो चुके हैं, इस दौरान कोरबा रीजन ने 297 सेवा कार्य किए है जिससे करीब डेढ़ लाख लोग प्रत्यक्ष रूप से लाभन्वित हुए हैं। अप्रत्यक्ष रूप से लाभन्वित होने वालों की संख्या इससे कई गुना ज्यादा होगी। रीजन ने अब तक अपने वार्षिक लक्ष्य को पूरा कर लिया है, आगे 3 माह बाकी है इस दौरान सेवा कार्य में 25 प्रतिशत वृद्धि करने का प्रयास है। उक्त कथन रविवार को टीपीनगर के होटल ब्लू डायमंड में आयोजित लायंस रीजन कांफ्रेंस लक्ष्य (प्रेस वार्ता) के दौरान लायंस क्लब के रीजन चैयरमेन रीजन-डेजी लायन पवन शर्मा ने कही। उन्होंने आगे कहा कि लायंस क्लब का लक्ष्य इंटरनेशनल लेवल पर तय होता है। लायंस क्लब का डब्ल्यूएचओ के साथ सर्वे में तय होता है कि अगामी 10 वर्षो के दौरान किस क्षेत्र में मानव सेवा किया जाए। हालांकि इंटरनेशनल लेवल पर तय सेवा कार्यो के साथ ही लायंस क्लब द्वारा स्थानीय क्षेत्र में वहां के आवश्यकता के अनुसार भी कार्य किया जाता है। मुख्य रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा व पर्यावरण सुरक्षा के क्षेत्र में कार्य चल रहे हैं। जिसमें अंधत्व निवारण, डायबिटीज व बच्चों में होने वाले चाइल्ड हुड कैंसर के लिए लायंस क्लब द्वारा सेवा कार्य करते हुए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कांफ्रेंस के दौरान लायन पवन शर्मा के साथ क्लब के द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन विजय अग्रवाल, रीजन एडवाइजर एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एम.डी. माखीजा एवं कार्यक्रम आयोजक क्लब बालको के अध्यक्ष लायन कैलाश गुप्ता उपस्थित थे।

### लायंस स्कूल के माध्यम से गरीब वर्ग के बच्चों को नि- शुल्क पढ़ाई

लायन पवन शर्मा ने बताया कि लायंस क्लब के माध्यम से कोरबा रीजन में लायंस क्लब स्कूल के जरिए रियायती फीस पर बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। जहां गरीब वर्ग के बच्चों को निःशुल्क पढ़ाई के साथ ही उन्हें ड्रेस व पुस्तक-कापी समेत अन्य जरूरी सामग्री भी संस्था के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। महिलाओं को भी स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण व सहयोग किया जा रहा है।

### एमपी-छत्तीसगढ़ में 3243 सेवा कार्य 16 लाख से अधिक लाभन्वित

लायंस रीजन कांफ्रेंस लक्ष्य के दौरान बताया गया कि लायन 32-33 सी डिस्ट्रिक्ट के अंतर्गत पूरा छत्तीसगढ़ व आधा एमपी आता है। जिसके तहत लायन मित्रों ने 9 माह के समय के भीतर सेवा कार्य के 3243 गतिविधियां पूर्ण करते हुए 16 लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रूप से लाभन्वित किया गया है।

### लायंस क्लब से जुड़कर सेवा कार्य करने की अपील- लायन पवन शर्मा

लायन पवन शर्मा ने लायंस रीजन कांफ्रेंस लक्ष्य के माध्यम से कोरबा जिले में समाज के सभी व्यक्ति से लायंस क्लब से जुड़कर सेवा कार्य करते हुए समाज के लिए अपना दायित्व निभाने की अपील की। उनके मुताबिक एक बार सेवा कार्य से जुड़ने के बाद स्वयं ही देखेंगे कि इससे खुद को कितना सुकुन मिलता है।

## लापता सांसद को सबक सिखाएगी क्षेत्र की जनता -मंत्री देवांगन



कोरबा। सांसद ज्योत्सना महंत पर तंज कसते हुए उद्योग मंत्री ने कहा की जब कोरोना की महामारी फैली थी तब यहां की सांसद गायब थी, जब शहर में घंटो बिजली गुल रहती थी तब भी सांसद गायब रही, क्या कोरबा लोकसभा की जनता ने उनको गायब रहने के लिए सांसद बनाकर दिल्ली भेजा था, जनता अब कांग्रेस के धोखे में नहीं आएगी। जनता इस बार कांग्रेस को वोट की चोट देगी, सांसद को सबक सिखाएगी।

भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय के समर्थन में उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन का धुंआधार प्रचार रविवार को कोसाबाड़ी मंडल के तीन वार्डों में जारी रहा।सुभाष ब्लॉक में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि एसईसीएल कर्मचारियों की समस्या को पहली और आखरी बार यहां की सांसद ने कब उठाया था, आज कॉलोनियों में मकान रहने लायक नहीं है, कर्मचारी कई तरह के विसंगतियों से जूझ रहे हैं। लेकिन कांग्रेस की सांसद ने कभी मुखरता से आवाज ही नहीं उठाई। इस अवसर पर युवा मोर्चा के महामंत्री और पार्षद नरेंद्र देवांगन, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पंकज सोनी, कोसाबाडी मंडल के अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, पूर्व पार्षद सुशील गर्ग, दिनेश वैष्णव, राम त्रिपाठी, मनोज सिंह,सुमन सोनी, वैभव शर्मा, यासीन खान, मनोज यादव समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

द्यकाशीनगर में आयोजित नुक्कड़ सभा में मंत्री श्री देवांगन ने सांसद पर तंज कसते हुए कहा की श्रमिक और श्रमिक बस्तियों से ज्योत्सना महंत ने पूरे पांच साल से दूरी बना कर रखी रही, कांग्रेस झूठे वादे कर पिछले चुनाव जीत गई थी, चुनाव जीतकर कोरबा से गायब हो गई। पथरीपारा में नुक्कड़ सभा में मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कोरबा को स्वर्णिम बनाने का यही सही समय है, बीते पांच साल में कोरबा विकास के मामले में पिछड़ गया, हमे बेहतर कोरबा बनाना है। ट्रेन सुविधा और अच्छी करनी है, स्वास्थ, शिक्षा के मामले में कोरबा को प्रदेश भर में पहले स्थान पर लाना है। और इसके लिए जरूरी है की कोरबा लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी सरोज दीदी की प्रचंड वोटो से जीत दिलाए। अभी प्रदेश में भाजपा की सरकार है और केन्द्र में भी मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। केंद्र और राज्य दोनों सरकार से कोरबा का विकास होगा।



## लोकसभा विस्तारको की बैठक लेकर जीत का मंत्र दे गए भाजपा महां मंत्री रामप्रताप

कोरबा। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह ने कोरबा जिला के पार्टी कार्यालय में लोकसभा चुनाव में भारी अंतर मतों से जीत दर्ज करने के लिए कोरबा लोकसभा के सभी विस्तारको की बैठक ली. बैठक में कोरबा लोकसभा के अन्तर्गत सभी विधानसभा की वास्तविक स्थिति और समीकरण की जानकारी लेकर उन्होंने भारी मतों से बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडे को जिताने के लिए महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर खास चर्चा करने के साथ ही जीत का गुरु मंत्र दिया ।इस बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष कोरबा डां. राजिव सिंह, कोरबा लोकसभा विस्तारक गिरवर राठौर, रामपुर विधानसभा विस्तारक सनत धीवर, कटघोरा विधानसभा विस्तारक विश्राम सिंह ठाकुर, बैकुंठपुर विधानसभा विस्तारक विश्वनाथ साहु, भरतपुर सोनहत विधानसभा विस्तारक धर्मेन्द्र तिवारी, मरवाही विधानसभा विस्तारक डमरू धर यादव उपास्थित ।

## रंग पंचमी पर आयोजित हुई होली मिलन समारोह

कोरबा। इंदिरा विहार महिला मंडल द्वारा रंग पंचमी पर शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन टैगोर उद्यान में किया गया।मनोरंजन की दृष्टि से महिलाओं ने गीत संगीत की प्रस्तुति दी। इसमें महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष रश्मि श्रीवास व डॉ.एम सिंह की जोड़ी ने जा रे हट नटखट गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी। राधा कृष्ण की जोड़ी में अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, सचिव मुक्ता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुक्ता अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष रश्मि सरावगी, पिंकी केडिया, सविता, पूनम अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल, सविता सलूजा ने आकर्षक प्रस्तुति दी। गीत संगीत अबीर गुलाल के साथ पांच दिवसीय होली पर्व को विदाई दी गई। इस अवसर पर पार्षद ऋतु चौरसिया को पूर्व अध्यक्ष रश्मि श्रीवास ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## दर्री थाना प्रभारी को अटैच किया एसपी ने

कोरबा। प्रशिक्षु डीएसपी व दर्री टीआई अविनाश कंवर को एसपी ने एसपी कार्यालय अटैच कर दिया है। एसपी के क्विक एक्शन के बाद महकमे में खलबली मच गई है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक (एसपी) सिद्धार्थ तिवारी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए दोषी टीआई को तत्काल प्रभाव से दर्री थाने से हटा दिया है और एसपी ऑफिस से अटैच कर दिया है। मामले की जांच एएसपी उदयभान सिंह चौहान केरेंगे।

इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदय भान सिंह चौहान ने कहा कि दर्री थाना में पदस्थ प्रशिक्षु डीएसपी अविनाश कंवर को एसपी कार्यालय अटैच किया गया है। मारपीट के मामले की जांच के लिए मुझे निर्देशित किया गया ।

## विश्व क्रॉस कंट्री स्पर्धा में रेलवे कर्मी हेमराज गुर्जर का हुआ चयन



कोरबा ।विश्व क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन बेलग्रेड, सर्बिया में 30 मार्च को किया गया है। इस प्रतियोगिता में भाग ले रही भारतीय टीम की ओर से प्रतिनिधित्व करने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ी हेमराज गुर्जर का चयन किया गया है। हेमराज दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के लेखा (अकाउंट) विभाग में जूनियर क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ी गुर्जर क्रॉस कंट्री में राष्ट्रीय चैंपियन हैं।क्रॉस कंट्री के विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ी का भारतीय रेलवे की ओर से चयन होने से रेलवे गौरवान्वित हुआ है एवं इस रेलवे के अन्य खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन हुआ है। भारतीय रेलवे के साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे हमेशा से खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देता रहा है। इसी का परिणाम है कि इस रेलवे के खिलाड़ियों का चयन देश विदेश में आयोजित होने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं में किया जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ी का विश्व क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में भारतीय रेलवे की टीम की ओर से चयन होने पर महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं अधिकारियों ने हेमराज गुर्जर को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी है।

### आप नेताओं के साथ मंत्रणा

कोरबा। आम आदमी पार्टी के नेताओं की, लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सांसद निवास में ज्योत्सना महंत से औपचारिक मुलाकात व बैठक हुई द्य इंडिया गठबंधन को लेकर यह मुलाकात अहम मानी जा रही है। आप नेताओं ने कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत को आश्वस्त किया कि पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता इस विजय अभियान के लिए जी जान लगा देगा। इस मौके पर कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि सभी सहयोगी साथी दलों का स्वागत है। क्षेत्र को उन्नत ,विकसित बनाने के लिए सभी साथियों की सहयोग की इस वक्त इंडिया गठबंधन को जरूरत है। व

## जीताने का लिया संकल्प



कोरबा। कोरबा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत के पक्ष में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों की बैठक लगातार जारी है। इसी कड़ी में कटघोरा विधानसभा के ग्राम धनरास में आयोजित बैठक में उपस्थित ग्रामवासियों से सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत को जिताने का संकल्प लिया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर के निवास पर आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं महिलाएं उपस्थित हुए। छत्रपाल सिंह कंवर एवं शिवकला कंवर ने कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए श्रीमती ज्योत्सना महंत को जिताकर कांग्रेस को मजबूत करने एवं देश में कांग्रेस की सरकार बनाने की अपील की। उपस्थित लोगों ने समर्थन देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सांसद प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत का स्वागत भी लोगों ने किया। बैठक के दौरान सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, छत्रपाल सिंह कंवर, श्रीमती शिवकला कंवर, श्रीमती ऊषा तिवारी आदि कांग्रेसजन भी उपस्थित ।

## लापता महिलाएं मिली राजधानी में, मोबाइल लोकेशन से हुआ ट्रेस

कोरबा । कोरबा जिला पुलिस मोबाइल लोकेशन के आधार पर तीन महिलाओं को रायपुर में ढूंढ निकाला जो कुछ दिन पहले कोरबा से लापता हुई थी। पुलिस का दावा है कि पारिवारिक कलह होने से परेशान होकर महिलाएं लापता हुई थी। महिलाओं के मिलने पर परिजनों ने 20,000 रुपए का इनाम घोषित किया था। कोरबा शहर के मोती सागर पारा इलाके में रहने वाले सारथी परिवार के यहां से तीन महिलाएं एक पखवाड़ा पहले लापता हुई थी। 6 महीने के बच्चे को छोड़कर चले जाने से इस मामले में तूल पकड़ा। घर के लोगों ने महिलाओं की तलाश आसपास में की, लेकिन कोई नतीजा नहीं आया। घर की मुखिया ने उस दौरान बताया था कि लापता महिलाएं अपने साथ जेवरात और नगदी रकम भी ले गई हैं। सारथी परिवार ने उनके बारे में सूचना देने वाले व्यक्ति को 20,000 रुपए का इनाम देने की घोषणा भी की थी। कोरबा पुलिस को भी महिलाओं के लापता होने की जानकारी दी गई थी जिस पर वह जांच पड़ताल कर रही थी। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि मोबाइल लोकेशन के आधार पर इन तीनों महिलाओं को रायपुर में ढूंढा गया है। इनमें से एक परिवार की बहू उसकी ननद और एक फ्रेंड है। पुलिस ने बताया की नगदी और जेवरात लेकर जाने वाली बात सामने नहीं आई है। महिलाओं के लापता होने के दौरान जिस प्रकार की बातें कहीं जा रही थी उसमें एक प्रकार से नाटकीय मोड आ गया है। अब जबकि लापता महिलाओं की वापसी हो गई है ऐसे में पुलिस इस मामले को समाप्त करेगी।

## एनटीपीसी ने कोयला प्रेषण में 55 की वृद्धि दर्ज की

कोरबा । भारत की अग्रणी एकीकृत बिजली उपयोगिता एनटीपीसी लिमिटेड ने पिछले वर्ष की तुलना में वित्त वर्ष 2024 के दौरान अपनी कैप्टिव खदानों से कोयला प्रेषण में 55न्न की पर्याप्त वृद्धि दर्ज की है।

कंपनी ने 31 मार्च 2024 के अंत तक 34.15 एमएमटी का प्रभावशाली कोयला प्रेषण हासिल किया और कोयला उत्पादन लगभग 50न्न की वृद्धि के साथ 34.38 एमएमटी हो गया।

यह उत्कृष्ट प्रदर्शन एनटीपीसी की अपनी कैप्टिव खदानों से कोयला उत्पादन बढ़ाने और देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कुशल आपूर्ति सुनिश्चित करने की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कोयला उत्पादन में निरंतर वृद्धि हासिल करने के लिए, एनटीपीसी ने कई रणनीतियों और प्रौद्योगिकियों को लागू किया है। इनमें कठोर सुरक्षा उपायों को अपनाना, बेहतर खान योजना, उपकरण स्वचालन, कार्यबल प्रशिक्षण और निरंतर निगरानी और विश्लेषण प्रणालियों का कार्यान्वयन शामिल है। इन पहलों ने संचालन को अनुकूलित करने, उत्पादकता बढ़ाने और कार्यबल की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।एनटीपीसी राष्ट्र को विश्वसनीय और टिकाऊ बिजली प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कोयला उत्पादन और प्रेषण में यह उल्लेखनीय वृद्धि परिचालन उत्कृष्टता के प्रति एनटीपीसी के समर्पण और भारत की ऊर्जा मांगों को पूरा करने में उसके योगदान का प्रमाण है। कंपनी अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाने और देश के ऊर्जा लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए नवीन प्रौद्योगिकियों और टिकाऊ प्रथाओं का पता लगाना जारी रखेगी।

### दिया गया चुनाव का प्रशिक्षण

कोरबा। आसन्न लोकसभा निर्वाचन-2024 प्रक्रिया के दौरान अधिकारी कर्मचारी अपने उत्तरदायित्व का भलीभांति निर्वाहन कर सके तथा भयमुक्त वातारण मतदाता को प्राप्त हो, इसके लिए श्रीमान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी महोदय के निर्देशन में जिले के फारेस्ट गार्ड, नगर सैनिक, कोटवार, सिक्योरिटी गार्ड कर्मचारियों का प्रशिक्षण दिनांक 30.03.2024 को रक्षित केन्द्र एवं थाना कटघोरा में रखा गया।ट्रेनिंग में मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया कि आदर्श आचार संहिता 16 मार्च 2024 को लागू होने पश्चात निर्वाचन आयोग के सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन सबकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। निर्वाचन शांतिपूर्ण व निष्पक्ष हो इसके हेतु निर्वाचन आयोग के निर्देशों की जानकारी सभी को होनी चाहिए।ट्रेनर के द्वारा आदर्श आचार संहिता, निर्वाचन के समय क्या करे क्या न करे संबंधी विषय पर ट्रेनिंग दी गई।इसमें कुल 167 जिसमें फॉरेस्ट गार्ड 100, सीएसईबी गार्ड 17, नगर सैनिक 18, एनटीपीसी गार्ड 06, लैंको गार्ड 18, कोटवार 08 कर्मचारी उपस्थित ।

### उत्पाद की बिक्री को बढ़ावा देने की जा रही पहल

कोरबा । रेलवे की व्यापक पहुंच और महत्व को ध्यान में रखते हुए स्थानीय उत्पादों को देशभर में लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से रेलवे स्टेशनों में वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल स्थापित किए गए हैं। इस योजना के तहत बिलासपुर सहित मंडल के कोरबा, जांजगीर-नैला, अनूपपुर, पेंड्रारोड, उसलापुर, विश्रामपुर, शहडोल, बुढ़ार, सक्ती, अम्बिकापुर, अकलतरा, चांपा, रायगढ़, ब्रजराजनगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म में स्थानीय उत्पाद की बिक्री के लिए कुल 17 स्टॉल की सुविधा रेलवे प्रशासन की ओर से उपलब्ध कराई गई है।

## स्कूल का समय बदला प्रशासन ने

कोरबा। मार्च माह से प्रदेश में भीषण गर्मी प्रारंभ हो गई है। इसी के साथ कोरबा जिला में भी गर्मी का भीषण प्रकोप देखने को मिल रहा है। ऐसी स्थिति में छात्र शिक्षकों को भीषण गर्मी से बचने व सुचारू से शाला संचालित करने के लिए छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डीईओ से सुबह स्कूल लगने मांग की। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय ने सुबह स्कूल लगाने का आदेश जारी किया है, जो शासकीय एवं अशासकीय सभी शालाओं में लागू होगा।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मनोज चौबे ने डीईओ को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि स्कूली बच्चों को भीषण गर्मी से बचने के लिए एवं शिक्षक हितार्थ को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने डीईओ को ज्ञापन सौंप कर 1 अप्रैल से सुबह स्कूल लगाने हेतु आदेश जारी करने की मांग की। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी उपाध्याय ने तत्परता से शासकीय एवं अशासकीय शालाओं को 1 अप्रैल से सुबह स्कूल लगाने का आदेश जारी किया। इसमें एक पाली में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय शालाएं प्रात- 7.30 से 11.30 बजे तक संचालित होगी एवं दो पाली में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय शालाएं प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाएं की कक्षाएं 7.30 से 11.30 बजे तक एवं हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल की कक्षाएं 11.30 से शाम 4.30 बजे तक संचालित किया जाएगा। इस आदेश से जिले के स्कूली बच्चों व शिक्षकों में हर्ष का माहौल है।

## सर्वहारा वर्ग के विकास की चिंता करती है कांग्रेस- ज्योत्सना



कोरबा । कोरबा लोकसभा क्षेत्र कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत के द्वारा संसदीय क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क व दौरा की कड़ी में 31 मार्च को धनरास, लोतलोता, सिरकी छुरीखुर्द, रिसदी में पहुंचकर वे जनता से रूबरू हुई। इस अवसर पर सांसद ने लोगों से कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने सर्वहारा वर्ग के विकास के लिये हमेशा से काम किया है। जातिगत भेदभाव की राजनीति कांग्रेस नहीं करती और न ही गरीबों में भेद करती है बल्कि गरीबों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए कांग्रेस काम करती आई है।

सांसद श्रीमती महंत ने आगे कहा कि कांग्रेस की सरकार भरोसेमंद सरकार है। हमने संकल्प लिया है कि केंद्र में सरकार बनने पर महिलाओं, युवाओं, किसानों सहित अन्य सभी वर्ग के लोगों के लिये पांच प्रमुख योजनाओं पर काम करेंगे। नारी न्याय योजना के अंतर्गत प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को 8333 रुपए हर महीने देने का संकल्प हम पूरा करेंगे। किसानों के लिए एमएसपी लागू किया जाएगा, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएंगे साथ ही महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कहा कि इन संकल्पों की पूर्ति का मार्ग जनता के हाथ में है और कांग्रेस की प्रचंड मतों से सरकार बनाकर लाएंगे, ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है।

मितानिनों, आंगनबाड़ी कर्मियों का बढ़ायेंगे मानदेय सांसद श्रीमती महंत ने इस बात का विश्वास दिलाया है कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही मैदानी स्तर पर महत्वपूर्ण कार्य करने वाली मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं, रसोईया का मानदेय बढ़ाया जाएगा। महिलाओं एवं बच्चों के विकास में योगदान देने वाली आंगनबाड़ी कर्मियों के नियमितीकरण की दिशा में भी कांग्रेस की सरकार काम करेगी, इसका मैं विश्वास दिलाती हूं।

## समर्थकों के साथ प्रचार पर निकले अध्यक्ष पद के उम्मीदवार धनेश सिंह



कोरबा। जिला अधिवक्ता संघ की 2 वर्षीय कार्यकाल हेतु नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव का ऐलान होने के बाद विभिन्न पदों पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी गई है ।इसी के साथ जिला अधिवक्ता संघ की राजनीति में घमासान शुरू हो गया है।जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता धनेश कुमार सिंह पूरे दम खम के साथ खड़ें हैं । पिछले दिनों अपना नामांकन भरने के साथ ही धनेश कुमार सिंह ने अपने समर्थकों के साथ धुआंधार जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है ।अधिवक्ता धनेश कुमार सिंह ने कहा कि सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेने में उनकी खास रुची रही है ।इसी क्रम में जिले के अधिवक्ताओं के हित काम करने की कामना लेकर वे चुनावी मैदान में उतरे हैं ।उन्होंने न्यायालय परिसर में व्याप्त कुछ समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 25 रु का मेमो टिकट ठीक दुगने कीमत पर यानी 50 रु मे विक्रय किया जा रहा है, जिसके लिए केवल कार्यकारिणी में प्रस्ताव पारित हुआ था ।आम अधिवक्ता से राय नही ली गई थी। उधर स्टाम्प शुल्क भी निर्धारित दर से ज्यादा में लिया जा रहा है ।यह बात सभी जानते हैं जिसे एकजुटता के साथ आवाज उठाकर ठीक करने की जरूरत है। मौजूदा समय में वाहनो के पार्किंग की व्यवस्था भी चरमराई हुई है ।यहां बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं के चौपहिया और दुपहिया वाहन तो होते ही है साथ ही मुवक्किलों और जरूरतमंद लोगों के वाहन भी होते हैं जिन्हें सुव्यवस्थित ढंग से पार्क करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ।लिहाजा यहां सुव्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था बनाने की जरूरत है।अपने जनसंपर्क अभियान को लेकर धनेश कुमार सिंह ने बताया कि अधिवक्ताओं का उन्हें जबरदस्त समर्थन मिल रहा है ।

इसके लिए वे सभी का सदैव आभारी रहेंगे। उन्होंने जिला अधिवक्ता संघ के सदस्यों से अपील करते हुए कहा है कि विजयी होने पर वे अधिवक्ताओं के विश्वास पर खरा उतरेंगे और न्यायालय परिसर में जो भी समस्याएं होंगी समस्त अधिवक्ताओं और नई कार्यकारिणी से राय मशविरा कर उसका समाधान करने का पूरा प्रयास करेंगे ।7 अप्रैल दिन रविवार को प्रातः 800 बजे से शाम 4:00 बजे तक मतदान किया जाएगा जिसमें सभी सदस्य अनिवार्य रूप से हिस्सा लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें ।

### सरोज की जीत के लिए ईसाई धर्म अनुयाइयों ने की विशेष आराधना

कोरबा । कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ सुश्री सरोज पांडेय ईस्टर पर्व पर रविवार 31 मार्च को कोरबा के प्रमुख चर्चों की आराधना सभा में सम्मिलित हुई. ईसाई समुदाय के लोगों को सुश्री पांडे ने ईस्टर पर्व की बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। ईसाई धर्म के पासबानों के द्वारा बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडे का फूल मालाओं से विशेष स्वागत किया गया. तत्पश्चात लोकसभा चुनाव में सरोज पांडे की जीत के लिए सभी चर्च में प्रभु ईशु से विशेष प्रार्थना करते हुए आशीष प्रदान किया गया.सुश्री पांडे ने इस मौके पर सभी ईसा मसीह के अनुयाइयों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# वर्ष प्रतिपदा के साथ प्रारंभ होगा नवरात्र पर्व, मंदिरों में तैयारी

**जांजगीर ।** चैत्र मास धर्मों का समागम लिए हुए है। हिंदू कैलेंडर का पहला माह चैत्र शुरू हो चुका है, जो 23 अप्रैल तक रहेगा। यह माह हिंदू धर्म के लिए जहां आस्था और उल्लास का प्रतीक है। वहीं यह माह इस्लाम धर्मावलंबियों के लिए भी खास है। 9 अप्रैल से चैत्र नवरात्रि शुरू हो रही है। 9 तारीख से ही हिन्दी पंचांग का नववर्ष शुरू हो जाएगा। नवरात्रि पर्व को लेकर देवी मंदिरों में तैयारी शुरू कर दी गई है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में पर्व के अवसर पर कई कार्यक्रम होंगे। नवरात्रि पर मंदिर में भजन कीर्तन व संध्या आरती का आयोजन किया जाएगा।



खोखरा, बलौदा, चंद्रपुर, अड़भार सहित अन्य देवी मंदिरों में नवरात्र पर्व को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। इस बार अप्रैल का महीना सांप्रदायिक सौहार्द का अनूठा संगम है। तीनों धर्मों के कई त्योहार पड़ने से अद्भुत संयोग बना है। पंडितों के अनुसार इस माह में शीतला सप्तमी 1 अप्रैल को मनाई जाएगी। पापमोचनी एकादशी, झूलेलाल जयंती, मत्स्य जयंती, गुड़ी पड़वा, रामनवमी, चैत्र नवरात्र, कामदा एकादशी जैसे बड़े व्रत त्योहार इसी माह पड़ेंगे। सिख समाज का बैसाखी और हिंदू धर्म के लोगों का चैत्र नवरात्रि रामनवमी मनाई जाएगी।

मनका दाई मंदिर खोखरा, जहां नवरात्रि पर बड़ी संख्या में पहुंचते हैं श्रद्धालु। जानिए, किस दिन कौन सा त्योहार पड़ रहा 1 अप्रैल शीतला सप्तमी, 2 अप्रैल शीतला अष्टमी, 5 अप्रैल पापमोचनी एकादशी, 8 अप्रैल देव पितृकार्य सोमवती अमावस्या, 9 अप्रैल चैत्र नवरात्र, 10 अप्रैल झूलेलाल जयंती, 11 अप्रैल गणगौर पूजा, 17 अप्रैल रामनवमी व्रत, नवरात्र पूर्ण, 18 अप्रैल धर्मराज दशमी, अप्रैल 19 कामदा एकादशी व्रत, 21 अप्रैल महावीर जयंती अहिंसा दिवस, 23 अप्रैल पूर्णिमा हनुमान जयंती है।

इस माह बन रहे कई योग पंडितों के अनुसार इस माह में सर्वार्थसिद्धि योग, अमृतसिद्धि योग, द्वि-पुष्कर योग और त्रिपुष्कर योग बन रहे हैं। 7, 9 व 21 अप्रैल को सर्वार्थसिद्धि योग, 9, 10 व 21 अप्रैल को अमृतसिद्धि योग, 26 मार्च को द्वि-पुष्कर योग व 20 अप्रैल को त्रिपुष्कर योग होने वाला है।

## दो दिन बाद मिल सकती है खुशी




**जांजगीर।** राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत पहली किस्त डाल दी गई है। अब दूसरी किस्त देने का समय आ रहा है। प्रदेश सरकार ने दूसरी किस्त 1 अप्रैल को देने का ऐलान किया था। 31 मार्च को वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद 1 अप्रैल को बैंक को बंद रखा जाएगा। यानी 1 अप्रैल को महिलाओं के खाते में पैसा नहीं आने वाला है। इसका कारण वित्तीय वर्ष बताया जा रहा है। इसलिए महिलाओं को 1 नहीं, 2 या 3 अप्रैल को पैसा मिल जाएगा। वित्तीय वर्ष खत्म होने के चलते 1 अप्रैल को छुट्टी रहने वाली है। इसी वजह से योजना की पात्र महिलाओं को दूसरी किस्त एक हजार रुपए 2 या 3 अप्रैल तक जारी होने की संभावना है।

## मकान मालिक से मारपीट करने पर किरायेदार को सजा

**जांजगीर।** अपने ही बुजुर्ग मकान मालिक से मारपीट करने वाले



किराएदार आरोपी प्रभात कुमार लाठिया को प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा कंवर ने 2 वर्ष सश्रम कारावास और एक हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं पटाने पर अतिरिक्त सजा भुगताई जाएगी। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी एस.अग्रवाल के अनुसार भागवत प्रसाद सूर्यवंशी का भाठापारा जांजगीर मिशन स्कूल के पास घर है। उस घर के एक ब्लॉक में वृद्ध नत्थूराम, लड़का राहुल, लड़की अंजली रहती थे। दूसरे ब्लॉक को किराए में प्रभात कुमार लाठिया को दिया था। 4 जून 2019 को नत्थूराम अपने गांव जगमहंत चला गया, वहां से 5 जून को लौटा तो उसके बेटा, बेटी ने बताया कि रात में करीब 12 बजे प्रभात कुमार लाठिया घर के पास ताकझांक कर रहा था। नत्थूराम ने उसे पूछा कि वह ताक-झांक क्यों कर रहा था, तो नाराज होकर प्रभात कुमार लाठिया ने लाठी से उस पर वार कर दिया। शिकायत पर प्रभात लाठिया के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत केस दर्ज किया गया। बाद में धारा 325 जोड़ी गई। सुनवाई के बाद आरोपी प्रभात कुमार लाठिया को सजा सुनाई है।

## सेल्फी पाइंट में वोटर्स को करेंगे जागरूक

**सक्ती।** आगामी लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत जिले में होली मिलन उत्सव व स्वच्छता अभियान, मैराथन दौड़, सायकिल और बाइक रैली, नारा लेखन आदि विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत व मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की ओर से विभिन्न चिह्नांकित स्थलों पर मतदान से संबंधित स्टॉल व सेल्फी पॉइंट लगाकर मताधिकार के उपयोग के लिए जागरूक किया जाएगा।

## सर्वर ठप, बिलासपुर सिम्स में नहीं बन रहा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, स्वजन हो रहे परेशान

**बिलासपुर।** सिम्स (छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान) में शासन स्तर पर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए चलने वाला सर्वर 20 मार्च से बंद पड़ा हुआ है। इसकी वजह से बीते 11 दिनों से जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। बताया जा रहा है कि अपग्रेडेशन की प्रक्रिया चल रही है, इसलिए सर्वर ठप चल रहा है। इसके चलते रोजाना 40 से 50 लोगों को प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सिम्स के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। हालांकि प्रबंधन के द्वारा इस बारे में सूचना पटल चस्पा की गई है, लेकिन महज 48 घंटे में बनने वाला सर्वर 10 दिनों से ठप है। ऐसे में लोगों के काम रुक रहे हैं।सर्वर ठप होने के बाद राज्य की तकनीकी टीम लगातार इस पर काम कर रही है, लेकिन सर्वर चालू नहीं कर पा रहे हैं। टीम को सर्वर ठीक करने के लिए 48 घंटे का समय दिया गया था। वहीं 11 दिन होने के बाद भी सर्वर चालू नहीं किया जा सका है। टेक्नीशियन के अनुसार सर्वर का डाटा हस्तातंरण करने में टीम को समय लग रहा है, जिसके चलते अभी दो से चार दिन और लग सकते हैं। इस बीच हितग्राहियों को बेवजह परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसमें से कई हितग्राही अपना काम धंधा छोड़कर सिम्स पहुंच रहे हैं, लेकिन सर्वर की समस्या के चलते उन्हें प्रमाण पत्र नहीं मिल रहा है।

## एसईसीएल दीपका से कोयला लेकर आ रहा वाहन पलटा

**जांजगीर।** रात के अंधेरे में सामने से आ रहे तेज रफ्तार वाहन को बचाने के चक्कर में कोयला लदा हाइवा अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब एक बजे की है। हादसे में घायल हेल्पर को इलाज के ?लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गाड़ी मालिक शहजादा ने बताया कि दीपका से करीब 22 टन कोयला लेकर हाइवा सीजी-04-एलक्यू-4894 रायगढ़ के लिए रवाना हुआ था। चांपा-जांजगीर फ्लाईओवर के लगभग एक किलोमीटर पहले ही सामने से आ रहे तेज रफ्तार वाहन को बचाने के चक्कर में हाइवा अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में चालक को कुछ नहीं हुआ।

वहीं हेल्पर दीपेश यादव को सामान्य चोटें आईं हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि रात में ही एंबुलेंस की सहायता से हेल्पर को



अस्पताल पहुंचाया गया।

इसके बाद सुबह होने पर रविवार को 2 क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त हाइवा को उठाकर किनारे किया।

## केवी की पहली में प्रवेश के लिए आज से लेंगे आवेदन, पहली लिस्ट 19 को

**जांजगीर।** केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया 1 अप्रैल से शुरू होगी। कक्षा 1 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जाएंगे। कक्षा 2 से 12 (कक्षा 11 को छोड़कर) के लिए प्रवेश फॉर्म ऑफलाइन भरे जाएंगे। राज्य में कुल 37 केंद्रीय विद्यालय संचालित हो रही हैं। इसमें कक्षा पहली में प्रवेश के लिए बड़ी संख्या में आवेदन आते हैं। जांजगीर शहर में भी मुनुंद रोड में केन्द्रीय विद्यालय संचालित है। केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर में सत्र 2024-25 में कक्षा पहली में प्रवेश के लिए एक सेक्शन में करीब 35 से 40 सीट निर्धारित की गई है। कक्षा पहली के लिए ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। आवेदन वेबसाइट kvsonlineadmission.k vs.gov.in से किए जा सकते हैं। इसी प्रकार केवी के बालवाटिका में प्रवेश के लिए पंजीयन की शुरुआत 1 अप्रैल से की जाएगी। आवेदन ऑफलाइन मोड से किए जाएंगे। बालवाटिका के लिए 35 से 40 सीट निर्धारित किए गए हैं। सुबह 10 बजे से स्कूल में आवेदन लिए जाएंगे। 15 अप्रैल को बालवाटिका में प्रवेश के लिए आवेदन लेने के लिए अंतिम तारीख निर्धारित की गई है। इसके बाद प्रवेश नहीं मिलेगा। बालवाटिका में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 5 वर्ष बालवाटिका में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 5 वर्ष लेकिन 6 वर्ष से कम होना चाहिए। इसके लिए आयु की गणना दिनांक 31 मार्च 24 के अनुसार होगी । 1 अप्रैल 19 को जन्म लेने वाले बच्चे भी अनुमान्य होंगे।

## नए मामले में फंसा दुष्कर्म का आरोपी

**जांजगीर।** पुलिस की कस्टडी से सूमो से उतर कर भागने वाले दुष्कर्म के आरोपी संजय जांगड़े के खिलाफ पुलिस ने उसे लेकर जा रहे आरक्षक की रिपोर्ट पर धारा 224 के तहत एक और मामला दर्ज कर लिया है। फगुरम चौकी के अनुसार मालखरौदा थाना क्षेत्र के कुरदा निवासी संजय जांगड़े के खिलाफ फगुरम चौकी में नाबालिग का अपहरण व उसके साथ दुष्कर्म करने का अपराध दर्ज हुआ था। आरक्षक कामता प्रसाद मार्चे और आरक्षक मोहन सिदार उसे लेकर कोर्ट गए थे। कोर्ट से आरोपी को 13 अप्रैल तक जेल दाखिल करने के लिए वारंट जारी हुआ।
दोनों आरक्षक उसे लेकर उपजेल सक्ती जा रहे थे, तभी घोघरी के पेट्रोल पंप के पास डीजल डलवाने के लिए रुके उसी दौरान मौका पाकर आरोपी संजय जांगड़े शासकीय वाहन क्रमांक सीजी 03 7542 से उतर कर फरार हो गया। आरक्षक कामता प्रसाद मार्चे ने आरोपी संजय के फरार होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने संजय जांगड़े के खिलाफ धारा 224 के तहत




मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एक और मामला दर्ज कर लिया है। दुष्कर्म का आरोपी घोघरी के पेट्रोल पंप के पास से सूमो का दरवाजा खोलकर भाग गया था। जमानती अपराध पर दो साल की सजा का प्रावधान आईपीसी की धारा 224 तब लगती है जब किसी व्यक्ति द्वारा विधि के अनुसार अपने पकड़े जाने में प्रतिरोध या बाधा उत्पन्न करता है। यह एक जमानती, संज्ञेय अपराध है और किसी भी न्यायधीश द्वारा विचारणीय है। यह अपराध समझौता करने योग्य नहीं है। इस अपराध के साबित होने पर दो वर्ष कारावास या आर्थिक दण्ड या दोनों का प्रावधान है।

### बैंकों में कागज की बर्बादी रोकने हो नई व्यवस्था

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया ने रिजर्व बैंक आफ इंडिया को पत्र लिखकर कागज की बर्बादी रोकने एवं ग्राहकों की सुविधा बढ़ाने की मांग की है। यह व्यवस्था नए वित्तीय वर्ष से ग्राहकों को नई सुविधाएं देने की बात कही है। आरबीआइ को लिखे पत्र में हरीश केडिया ने कहा है कि कागज की बर्बादी रोकने एवं ग्राहकों की सुविधा बढ़ाने के लिए रिजर्व बैंक निरंतर सराहनीय प्रयास करता रहा है, जिसकी हम प्रशंसा करते हैं। कई प्रणाली में अभी भी सुधार की जरूरत है। चेक जमा करने के लिए अभी भी चेक के साथ डिपाजिट स्लीप लगता है जो कि अनावश्यक एवं गैर जरूरी है। कागज एवं समय की बर्बादी एवं काम का दोहरीकरण है। डिपाजिट के लिए जो भी जानकारी देना आवश्यक हो वह चेक के पीछे लिखकर दिया जा सकता है। आइसीआइसीआइ बैंक में चेक जमा करने के लिए डिपाजिट स्लीप की जरूरत नहीं होती है। यही पद्धति सभी बैंकों में लागू किये जाने की जरूरत है। आटीजीएस करने के लिए भी अलग से फार्म भरने की जरूरत नहीं होना चाहिए।

## परशुराम जयंती पर नगर में ब्राम्हण समाज करेगा कार्यक्रम



**जांजगीर।** सर्व ब्राह्मण संगठन क्षेत्र पामगढ़ द्वारा शनिवार को विद्यानिकेतन स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाए। कार्यक्रम में समाज की महिलाएं भी शामिल हुईं। इस अवसर पर संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों ने भगवान परशुराम की अप्रैल माह में जयंती मनाने व शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया और अन्य तैयारियों पर चर्चा की गई। होली मिलन समारोह में सर्व ब्राह्मण संगठन क्षेत्र पामगढ़ के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाण्डेय, नारायण दुबे, पालेश्वर शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, श्याम बिहारी तिवारी, लीलाम्बर पाण्डेय, अटल बिहारी तिवारी, संजय मिश्रा, चंद्रमोहन शर्मा, कोमल ब्रह्मभट्ट, अवध बिहारी तिवारी, श्याम लाल मिश्रा, योगेश उपाध्याय, रूपेश पाण्डेय, अतुल प्रकाश तिवारी, अभिषेक दुबे, साकेत मिश्रा, रूपेश चौबे, गौरव तिवारी, विद्या दुबे, आस्था तिवारी व अन्य लोग उपस्थित थे।

## गतेश्वर महादेव मंदिर से शिवलिंग चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश

**बिलासपुर।** पचपेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम ओखर में रविवार की रात चोरों ने मंदिर के शिवलिंग जलहरि को उखाड़ने का प्रयास किया। इसमें सफल नहीं होने पर शिवलिंग को ही ले गए। सोमवार की सुबह इसकी जानकारी गांव के लोगों को हुई। मंदिर में चोरी की जानकारी होते ही श्रद्धालुओं की भीड़ वहां पहुंचने लगी। घटना की सूचना पर पुलिस की टीम गांव पहुंच चुकी है। इसके साथ ही फोरेंसिक टीम भी गांव पहुंचकर चोरों का सुराग लगा रही है।

पचपेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम ओखर स्थित गतवा तालाब के तट में गतेश्वर महादेव मंदिर है। यहां पर गांव के लोग पूजापाठ करते हैं। गांव में रहने वाला गुहलेत साहू सोमवार की तड़के चार बजे मंदिर पहुंचा। इस दौरान शिवलिंग गायब था। उसने इसकी जानकारी गांव के लोगों को दी। इस पर तड़के ही गांव में हड़कंप मच गया। गांव के लोगों की भीड़ मंदिर पहुंचने लगी। घटना की सूचना पर पचपेड़ी पुलिस की टीम भी गांव पहुंच गई है। गांव के लोगों ने जल्द ही चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है। गांव के लोगों को तालाब की खोदाई दौरान काले ग्रेनाइट की जलहरि मिली थी। इसके ऊपर शिवलिंग नहीं था। भारत को आजादी मिलने के बाद गांव के कपिल नाथ पांडेय शिवलिंग लाने के लिए मध्यप्रदेश के भेड़ाघाट गए थे। शिवलिंग लेकर वे ट्रेन से बिलासपुर तक आए। तब यातायात के साधन नहीं होने के कारण वे पैदल ही गांव पहुंचे। इसके बाद गांव के लोगों के साथ श्रद्धापूर्वक शिवलिंग को स्थापित किया गया था। इसके बाद से ही गांव के लोग श्रद्धा पूर्वक मंदिर में पूजा-पाठ करते हैं। पचपेड़ी के ओखर में पांच साल पहले पून्नी मेले की शुरुआत की गई है। इसकी शुरुआत गतेश्वरनाथ मंदिर में पूजा-पाठ के बाद ही होती है। गांव के लोगों की मान्यता है कि गतेश्वरनाथ शिवलिंग का आकार धीरे-धीरे बढ़ रहा था। इसके अलावा शिवलिंग साल में तीन बार अपना रंग बदलता है। इसके कारण आसपास के लोगों में भी मंदिर के प्रति श्रद्धा और विश्वास है। चोरी की सूचना पर गांव लोगों में आक्रोश है। मंदिर परिसर में साहू समाज की ओर से सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। कुछ दिन पहले बंदरों के उत्पात के कारण सीसीटीवी कैमरे खराब हो गए हैं। इधर चोरों ने केवल शिवलिंग की चोरी की है। मंदिर में रखा दानपेटी सुरक्षित है। इससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि चोर शिवलिंग को महंगा पत्थर समझकर ले गए हैं। फिलहाल चोरों की जानकारी जुटाई जा रही है।

## ईस्टर पर ग्रेवियार्ड पहुंच कर पूर्वजों की याद में की रौशनी, प्रार्थना भी की



**जांजगीर।** प्रभु यीशु के पुनर्जीवित होने की खुशी में ईसाई समुदाय के लोगों ने रविवार को ईस्टर संडे का पर्व मनाया। इस खास पर्व पर शहर के मेनोनाइट चर्च में कैंडल जलाकर लोगों ने विशेष प्रार्थना की। इसके अलावा कैथोलिक चर्च में रात में ही ईस्टर संडे का पर्व मनाया गया।

रविवार के दिन सुबह से ईसाई समाज के लोग चर्च पहुंचे। शहर के मेनोनाइट चर्च में प्रभु यीशु के पुनर्जन्म पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में शामिल मसीही समाज के लोगों ने प्रभु यीशु के उपदेशों को दोहराया। बाइबल पाठ का भी आयोजन किया गया। प्रभु यीशु के जीवित होने की खुशी में लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। भजनों व गीतों के साथ प्रभु को याद किया। मेनोनाइट चर्च के डेकन कीर्ति संह ने कहा कि बेहतर समाज के निर्माण के लिए लोगों को धर्म पर चलने की प्रेरणा देने के लिए पृथ्वी पर पैगंबरों का अवतरण होता रहा। इसी क्रम में प्रभु यीशु ने भी सूली पर चढ़ने के तीसरे दिन जीवित होकर समाज को नई दिशा व आयाम दिया। आज भी प्रभु यीशु हम सभी के बीच साकार रूप में जीवित हैं।

पुनर्जीवित होकर प्रभु ने 40 दिनों तक शिक्षा दी मान्यता के अनुसार गुड फ्राइडे के दिन प्रभु ईसा मसीह को सूली पर लटका दिया था। इसके तीसरे दिन रविवार को प्रभु यीशु मसीह पुन: जीवित हो उठे। दोबारा जीवित होने के बाद यीशु ने 40 दिनों तक अपने शिष्यों को सत्य के रास्ते पर चलने का संदेश दिया। प्रभु ईशा मसीह ने करुणा, दया और क्षमा का उपदेश दिया। वहीं प्रभु यीशु साथ बुरा व्यवहार करने व सूली पर चढ़ाने वालों को प्रभु के जीवित होने के बाद अपनी गलती पर बहुत प्रायश्चित हुआ। इसलिए इसे परिवर्तन का दिन भी कहते हैं।

## बाइक की ठोकर से महिला की मौत



**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम एक महिला की बाइक की ठोकर से मौत हो गई। महिला परसाही नाला मंदिर के पास खेत से काम खत्म कर घर लौट रही थी। बताया जा रहा है कि बाइक सवार दोनों नाबालिग है। हादसे में जख्मी हुई महिला की इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित किया है। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम पोड़ीदलहा की रहने वाली महिला मीना बाई बघेल (57 साल) रविवार को अपने खेतों में काम करने गई हुई थी। खेत का काम खत्म होने के बाद वह घर के लिए जा रही थी। इस दौरान महिला सड़क किनारे पहुंची और सड़क को पार कर रही थी। इस दौरान बाइक सवार ने महिला को सामने से जोरदार ठोकर मार दी।

बताया जा रहा है कि बाइक सवार नाबालिग अकलतरा से खाने की टिफिन को छोड़ कर वापस अपने गांव पोड़ीदलहा आ रहे थे। तेज रफ्तार होने के कारण बाइक पर कंट्रोल नहीं कर पाए, जिससे बाइक से ठोकर लगने पर महिला दूर जा गिरी। वहीं बाइक में सवार दोनों नाबालिग भी गिर पड़े जिन्हें मामूली चोटें आई हैं।

महिला की हालत गंभीर होने पर इलाज के लिए सीएचसी अस्पताल अकलतरा लाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद महिला मीना बाई बघेल को मृत घोषित कर दिया है। हादसे की जानकारी पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की। अकलतरा थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद महिला के शव को परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मतदान दल का पहला प्रशिक्षण आज से

**जांजगीर-चांपा।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों का प्रथम प्रशिक्षण 1 से 4 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलौदा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जांजगीर क्रमांक 1, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पामगढ़, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अकलतरा एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सारागांव में आयोजित किया जाएगा।

**अनमोल वचन**

**कमज़ोर तब रुकते है जब वो थक जाते है,**
**लेकिन विजेता तब रुकते है जब वो जीत जाते है।**

# गलत सूचनाओं पर रोक

सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को उस अधिसूचना पर रोक लगा दी जिसके तहत पत्र सूचना ब्यूरो के अधीन एक फैक्ट चेकिंग यूनिट (तथ्यों की जांच करने वाली इकाई) की स्थापना की जानी थी। न्यायालय ने कहा कि इस पर तब तक रोक रहेगी जब तक बंबई उच्च न्यायालय सूचना प्रौद्योगिकी नियमों में संशोधनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला नहीं सुना देता। इस बीच गूगल और मेटा जैसी डिजिटल क्षेत्र की दिग्गज कंपनियां चुनाव के दौरान गलत सूचनाओं के प्रसार का मुकाबला करने के लिए अपनी रणनीतियों को बेहतर बनाने का प्रयास कर रही हैं। वे जांच के लिए नए टूल विकसित करने और तथ्यों की जांच करने वालों (फैक्ट चेकर) को प्रशिक्षण देने के अलावा दोनों अन्य संस्थानों द्वारा संचालित तथ्यों की जांच संबंधी पहलों में भी शामिल होंगी और भारत निर्वाचन आयोग के साथ तालमेल में काम करेंगी। 2019 में सभी बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्मों ने अपने-अपने स्तर पर गलत सूचनाओं को रोकने का प्रयास किया था और उसके मिलेजुले नतीजे सामने आए थे। 2024 में यह अभियान अधिक तालमेल के साथ चलाया जा रहा है। 40 से अधिक बड़े बहुराष्ट्रीय संस्थानों ने म्युनिख सुरक्षा सम्मेलन में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और इस बात पर सहमति जताई कि वे 2024 में वैश्विक स्तर पर मिलकर चुनावों से संबंधित गलत जानकारियों का मुकाबला करेंगे।जोखिम बहुत बढ़ गया है क्योंकि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस अब राजनेताओं से जुड़ी वास्तविक प्रतीत होने वाली दृश्य-श्रव्य सामग्री बना सकता है। इन डिजिटल दिग्गजों को विभिन्न समाचार माध्यमों के साथ तालमेल में काम करना होगा ताकि भ्रामक सूचनाओं को रोका जा सके, मतदाताओं से हस्तक्षेप सीमित हो सके और विभिन्न प्लेटफॉर्म पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।यह महत्त्वपूर्ण है क्योंकि मेटा के पास फेसबुक, व्हाट्सऐप और इंस्टाग्राम का मालिकाना है जबकि गूगल के पास यूट्यूब और अपना सर्च इंजन है। इससे जुड़ी रणनीतियों में स्वतंत्र फैक्ट चेकर और स्थानीय सामग्री रचनाकारों और प्रकाशकों के साथ जुड़ाव, तथ्यों की जांच, जांच के संसाधन और गलत सूचनाओं को लेकर चेतावनी जारी करने के लिए सहयोगी मंच प्रदान करना शामिल है। इरादा ऐसी सामग्री को वायरल होने से रोकना है। मेटा पहले ही गलत सूचनाओं को हटा देता है। इसमें मतदान को प्रभावित करने वाली तथा हिंसा को बढ़ावा देने वाली सामग्री शामिल है। उसका दावा है कि उसके पास 15 भारतीय भाषाओं में स्वतंत्र तथ्य जांचने वालों का नेटवर्क है। उसके पास व्हाट्सऐप हेल्पलाइन है जो संदिग्ध जानकारियों को रिपोर्ट करने या उनकी पुष्टि करने में मदद करता है।गूगल प्रकाशकों के लिए एक साझा भंडार तैयार करेगा ताकि गलत सूचनाओं से निपटा जा सके। कई भाषाओं और स्वरूपों में, जिनमें वीडियो भी शामिल हैं, फैक्ट चेक को साझा किया जाएगा और गूगल के साझेदारों की मदद से उन्हें बढ़ावा दिया जाएगा। दोनों कंपनियां फैक्ट चेकिंग के उन्नत तरीकों को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन करेंगी। इसमें डीप फेक का पता लगाना और गूगल फैक्ट चेक एक्सप्लोरर और मेटा कंटेंट लाइब्रेरी की शुरुआत शामिल है। तथ्यों की जांच करने वाले सामग्री के बारे में कह सकते हैं कि उनसे छेड़छाड़ की गई है। ऐसी सामग्री को छांटकर बाहर कर दिया जाएगा।फेसबुक का दावा है कि वह गूगल, ओपनएआई, माइक्रोसॉफ्ट, एडोबी और शटरस्टॉक आदि की एआई की मदद से तैयार सामग्री का पता लगाने के लिए उपाय विकसित कर रही है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप और थ्रेड पर अक्सर इन माध्यमों की सामग्री ही प्रकाशित की जाती है। जरूरत इस बात की भी है कि मेटा पर विज्ञापन देने वाले यह बताएं कि कब वे एआई की मदद से सामग्री तैयार कर रहे हैं। यह सामग्री राजनीतिक या सामाजिक विषयों से जुड़ी हो सकती है। यह उस सामग्री पर रोक लगाता है जिसे फैक्ट चेकर नकारते हैं। वह ऐसे विज्ञापनों को भी रोकता है जो मतदान को हतोत्साहित करते हैं। अगर गलत सूचनाओं के खिलाफ अभियान को प्रभावी बनाना है तो यह आवश्यक होगा कि झूठी सामग्री का तत्काल पता लगाकर उसे हटाया जाए ताकि वह वायरल न हो सके। ऐसे उपकरणों का बिना किसी पूर्वग्रह के इस्तेमाल करना होगा।

## राशिफल

**मेष**-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज लोग आपके विचारों को सुनने के लिए बहुत उत्सुक होंगे। इस राशि के लोगों को आज किसी करीबी से कोई खुशखबरी मिल सकती है। करियर के मामले में आपके ऊपर अपनी क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां आ सकती हैं। आज कोई भी फैसला सोच-समझ कर लेंगे और सोचे हुए काम पूरे करने की कोशिश करेंगे। आज के दिन अपने मस्तक पर केसर का तिलक लगाएं, आपके रुके हुए काम पूरे होंगे।

**वृष**-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आपके मन की इच्छा पूरी होगी। आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा। भविष्य को बेहतर बनाने के लिए नए कदम उठाएंगे। स्थिति आपके पक्ष में रहेगी। लवमेट के साथ रिश्तों में मिठास आएगी। आपके मन में कुछ बड़े विचार आयेंगे। भरोसेमंद लोगों से समय पर सही सलाह और मदद मिल जायेगी। आज कुछ पढ़ने और कुछ नया सीखने में रुचि होगी।

**मिथुन**-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको नौकरी के लिए अच्छी खबर प्राप्त हो सकती है। इस राशि के लेखकों के लिए आज का दिन बहुत बढ़िया है। कोई नई स्टोरी लिखने के लिए मिल सकती है। आपका करियर नए रूप में उभरेगा। आपके साथ सब कुछ ठीक बना रहेगा। आज अपने व्यक्तित्व और स्वभाव में लाया गया परिवर्तन बेहतरीन रहेगा। सामाजिक और पारिवारिक लोगों की तरफ से विशेष मान-सम्मान भी मिलेगा।

**कर्क**-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बितायेंगे। जीवनसाथी के साथ कहीं हील स्टेशन पर घूमने की प्लानिंग कर सकते हैं। आज किसी स्थिति को लेकर ज्यादा सोचने की बजाय उस पर एक्शन लेना बेहतर होगा। आज सब कुछ अपने सोचे हुए तरीके से होने की उम्मीद न रखें, तो बेहतर होगा। घर में किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के आने से किसी खास मुद्दे पर सकारात्मक विचार विमर्श भी होगा।

**सिंह**-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज जिस काम को पूरा करना चाहेंगे, उस काम में थोड़ी रूकावटें आ सकती है। किसी पुराने मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं। आज रिश्तों में सुधार लाने के लिए दिन अच्छा है।आज शाम तक घरेलू सामान खरीदने के लिए मार्केट जा सकते हैं। आज आलस और तनाव को अपने ऊपर हावी ना होने दें। इससे आपकी कार्य क्षमता प्रभावित हो सकती है।

**कन्या**-आज किस्मत आपके साथ रहेगी। जिस काम को कई दिनों से पूरा करने की सोच रहे हैं, वो आज किसी फ्रेंड की मदद से पूरा हो जाएगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है। आज आप तरोताजा महसूस करेंगे। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। कहीं से कोई अच्छी खबर मिलेगी। कुछ अवसरों का फायदा आपको मिलेगा। अचानक धन लाभ होगा। आज के दिन सूर्य देव को जल अर्पित करें, आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला**-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। अगर आप काम को करते समय अपने मन को शांत रखेंगे, तो आपका काम आसानी से सफल होगा। किसी भी काम में जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, आज उनके लिए रिश्ते आ सकते हैं। आज मनोरंजन से जुड़े फालतू खर्चे भी हो सकते हैं। आज अपनी योजनाओं और गतिविधियों को सीक्रेट रखें।

**वृश्चिक**-आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी कोशिश पूरी तरह से सफल होगी। आज दोस्तों और परिजनों के साथ खुशियाँ मनाएंगे। आपका व्यक्तित्व आकर्षक रहेगा। मन भी मजबूत रहेगा। आपके मन की शंका भी दूर होगी। परिवार और समाज के लोग आपके लिए काफी मददगार हो सकते हैं। बातचीत और भाषण कला में आपको बहुत हद तक सफलता मिल सकती है। आपकी बातों का गहरा असर भी लोगों पर होगा।

**धनु**-आज आपके मन में नए विचार उत्पन्न होंगे। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ सकती हैं, जिसमें आप सफल होंगे। आज आपको कुछ अवसरों का फायदा मिलेगा। आसपास के लोगों या साथ काम करने वालों की तारीफ करने से आपको फायदा होगा। आपको लोगों का सहयोग मिलेगा। धन लाभ के बड़े मौके मिलेंगे। नए कारोबार की रूपरेखा बना सकते हैं। किसी खास व्यक्ति से आप अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। माता से सुख मिलेगा।

**मकर**-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। किसी कंपनी से जॉब के लिए कॉल आ सकती है। मन में किसी मामले को लेकर थोड़ी बेचैनी हो सकती है। मन भटक सकता है। आज आसपास के किसी व्यक्ति के बारे में आपको गलतफहमी हो सकती है।

**कुंभ**-आज आपका रूझान आध्यात्म की तरफ रहेगा। किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने की योजना बना सकते हैं। आज आपको आनंद की प्राप्ति होगी। आज खुद को फीट महसूस करेंगे। दिन खत्म होते-होते आपको कोई शुभ समाचार मिलेगा। कार्यक्षेत्र में बढ़ोतरी के नए अवसर प्राप्त होंगे। आज दोस्तों से मुलाकात होगी। आज माता जी की सलाह से कोई भी सावधानीपूर्वक लिया गया निर्णय निकट भविष्य में लाभदायक साबित होगा।

**मीन**-आज आपका दिन पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आपकी किस्मत आपका पूरा साथ देगी। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढ़ंग से काम करेंगे। आज आपको किसी व्यापारिक समारोह में शामिल होने का मौका मिल सकता है। अपनी मेहनत से काम निश्चित तौर पर पूरे होंगे। आज बड़ों का पूरा सहयोग मिलेगा। ऑफिस में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

# विकास और प्रतिष्ठा के आधार पर मतदान की संभावना

//डा. रवीन्द्र अरजरिया//

**चुनावी काल की राजनैतिक सरगर्मियों के मध्य विदेशी ताकतों के व्दारा देश की आन्तरिक व्यवस्था पर टिप्पणियों का दौर प्रारम्भ हो गया है। दुनिया की व्यवस्था की स्वयंभू ठेकेदारी सम्हालने वाले भारत के स्वरूप को अपने ढंग से नियंत्रित करने का प्रयास करने लगे हैं। स्वाधीनता के बाद की इण्डिया का भारत के रूप में कायाकल्प होते ही अहंकार में डूबे हथियारों के विक्रेताओं के माथे पर बल पडने लगा है। कभी हमारी न्याय व्यवस्था को रेखांकित करने की कोशिशें होतीं हैं तो कभी आरोपियों की वकालत की जाने लगती है। जग जाहिर है कि दुनिया भर के जालसाज-भगोडों का कवच बनने वाले राष्ट्र हमेशा से ही अन्य देशों पर शिकंजा कसने के लिए दबाव बनाकर लाभ का अवसर तलाशते रहते हैं।**

आतंकवाद को पर्दे के पीछे से सहयोग करके संसार में अस्थिरता पैदा करने वाले हथियारों के निर्यातक देश दूसरों के कन्धों पर बंदूक रखकर गोली चलने में माहिर है। ऐसे षडयंत्रकारी भूभाग वर्तमान में भारत की नीतियों, व्यवस्था और विकास के कारण आन्तरिक रूप से व्यथित हैं। स्वाभिमान के शिखर की ओर अग्रसर होने वाले भारत में आत्मविश्वास का सूर्य चमकने लगा है। देश के साथ वैमनुष्यता रखने वालों के हाथों में कटोरे आते जा रहे हैं। वहां की अभाव भरी जिन्दगियों ने आन्तरिक विद्रोह की राह पकड ली है। चीन की चालों में फंसे कई देशों की कराह निकलने लगी है। वे दिवालिया होने होने की कगार पर पहुंच गये हैं। ऐसे में विश्वगुरु के सिंहासन की ओर बढते भारत के कदमों पर सकारात्मक राष्ट्रों व्दारा पंखुडियां बिछाने, प्रोटोकाल तोडकर वहां के राष्ट्राध्यक्षों व्दारा अगवानी करने तथा सर्वोच्च सम्मान देने से आतंक को संरक्षकों के सीने पर सांप लोटने लगे हैं। मुस्लिम राष्ट्रों में भी साम्प्रदायिक सौहार्द स्थापित करने की दिशा में भारत के साथ कदमताल करने के संकेत दे दिये हैं। वसुधैव कुटुम्ब कम की अवधारणा तले विश्व विरादरी जमा होने लगी है। सर्वे भवन्तु सुखिनः के अनुष्ठानिक संकल्प दोहराये जाने लगे हैं। वर्तमान भारतवर्ष का ऊर्जा चक्र विश्व संघर्षों पर पूर्णविराम लगाने लगा है। वर्तमान के लोकसभा के चुनावी काल में ही रूस और यूक्रेन जैसे राष्ट्रों ने एक साथ भारत को आमंत्रित किया है। दौनों पक्षों के विश्वास है कि भारत की पहल पर ही विश्व शान्ति सम्भव है। दूसरों के मामलों में चौधरी बनने के मंसूबे पालने वालों को मुंहतोड जवाब मिलते ही उनके सिपाहसालार मासूसी के दलदल में डूबने लगे हैं। आर्थिक अपराध, सामाजिक अपराध, संवैधानिक अपराध, मानवीय अपराध के पुराधाओं को सलाखों की सौगात मिलते ही उनके संरक्षक बौखला उठे। देश की स्वतंत्र संस्थाओं की कार्य प्रणाली पर प्रश्नचिन्ह अंकित करके वे अपने कलेजे को ठंडा करने की कोशिश में हैं। संयुक्त राष्ट्र की पत्रकार वार्ता में भारत के आन्तरिक मुद्दों पर बंगलादेशी पत्रकार से प्रश्न उठवाने वाले एक तीर में दो निशाने करना चाहते थे। अमेरिका, जर्मनी के व्दारा भारत के आन्तरिक मुद्दों पर ज्ञान देने की श्रंखला को संयुक्त राष्ट्र संघ तक पहुंचने की कोशिश के साथ-साथ भारत-बंगलादेश की दोस्ती को संदेह के दायरे में लाने का लक्ष्य भी शामिल था। आश्चर्य होता है कि बंगलादेशी पत्रकार व्दारा किन्हीं खास कारणों से पूछे गये प्रश्न को हमारे देश के अनेक मीडिया हाउस स्वयं की सुर्खियां बनाने में जुट गये। दूसरों की सोच को समर्थन देने के पीछे की मंशा को देश हित की पहल नहीं कहा जा सकता। संस्थान विशेष का पत्रकार अपने नियुक्तकर्ता के सिध्दान्तों का अनुशरण करता है, उनकी नीतियों के अनुरूप प्रश्न करता है और वहीं प्रकाशित-प्रसारित भी करता है। यदि कोई अन्य संस्थान उसी प्रश्न को उठाता है तो निश्चय ही उसकी सोच भी प्रश्नकर्ता की सोच से सहमत होगी। ऐसे में राष्ट्रहित, राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीयता पर ही प्रश्न चिन्ह लग जाते हैं। इन दिनों हाथों में हरा झंडा थामकर लाल सलाम करने वालों के षडयंत्र उजागर होने लगे हैं जिन्हें दबाने हेतु काले लबादा का सहारा लिया जाने लगा है। दबाव की राजनैतिक चालों से देश के वातावरण में अराजकता फैलाने के प्रयास एक बार फिर तेज कर दिये गये हैं। मीर जाफर को आदर्श मानने वाले स्वयं के हित के लिए देश की अस्मिता को सौदा करने लगे। कभी निर्वाचन आयोग पर सवालिया प्रहार होते हैं तो कभी न्यायपालिका के क्रियाकलापों को संदेह की नजरों से देखा जाता है। शिक्षा के मंदिरों में राजनैतिक अलाव जलाया जाने लगा। शिक्षा माफियों की एक बडी जमात फर्जी अंकसूचियों के आधार पर असामाजिक तत्वों को देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश दिलाकर वहां के वातावरण को दूषित करने में लगी है। शिक्षा प्रदान करने वाले स्थानों में देश के टुकडे करने की कसमें दिलाई जाने लगीं हैं। राजनीति को पेशा बना चुके घरानों के स्वयंभू सुप्रीमो ऐसे लोगों के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर खडे हो जाते हैं। आज हालात यहां तक पहुंच गये हैं कि जातियों के वोटों का ठेका लेने वाले लोग राजनैतिक दलों से सौदेबाजी करने में जुटे हैं। समानता का राग अलापने वाले अब जातिगत विभेद पैदा करने हेतु षडयंत्र करने में जुट गये हैं। सम्प्रदायगत भय पैदा करने वाले कट्टरवादियों व्दारा देश के विभिन्न स्थानों पर अपने गुर्गों से आतंक फैलाने की कोशिशें कर रहे हैं। कहीं आईएसआईएस से धमकी दिलाई जा रही है तो कहीं आईएसआई के समर्थकों की चुनौतियां सामने आ रहीं हैं। रमजान के महीने में भी निरीहों के खून की होली खेलने वाले अब अल्लाह के पैगाम पर मुल्लाओं के तर्ज़ुमा को यकीनी मानकर जन्नत की हूरों के सपने देखने लगे हैं। तर्जुमा करने वालों की संतानें खुशहाल देशों में अय्यासी भरी जिन्दगी जी रहीं हैं। सुरक्षा के सात तालों में बंद होकर रहने वाले खुराफाती लोग ही दूसरों की औलादों को खुदा के नाम पर खुदकशी करने के लिए उकसा रहे हैं। दीन की तालीम के नाम पर अनेक संस्थानों में जेहाद की पढाई चल रही है। लोकसभा चुनाव में झूठी अफवाहों, मनगढन्त घटनाओं और उत्तेजनात्मक सामग्री परोसी जा रही है। वाट्सएप जैसे अनगिनत प्लेटफार्म निरंकुश होकर देश की गंगा-जमुनी संस्कृति को रेगस्तान बनाने पर तुले हैं। निजी समूहों के नाम पर बनाये जाने वाले अनेक ग्रुप में उत्तेजनात्मक सामग्री उडेली जा रही है। कानून की धज्जियां उडाने वाले कट्टरपंथियों के ग्रुप पर काले कोटवालों की दलीलें हावी हो जातीं हैं और काजल की कोठरी के निर्माण करने वाले ग्रुप के एडमिन न्यायालय की चौखट से बेदाग बच निकलते हैं। संविधान का यही लचीलापन राष्ट्रदोहियों के लिए कवच का काम करता है। धर्म के नाम पर बनाये गये अनेक संगठनों की शक्ति का उपयोग समाज हित में न होकर कट्टरता के नाम पर जुल्म करने के लिए हो रहा है। बचपन से ही कट्टरता का पाठ पढाने वालों को देश के ईमानदार नागरिकों के खून-पसीने की कमाई से पाला जा रहा है। इसे नस्तनाबूत करने के लिए नागरिकों के मन में राष्ट्रीयता की भावना का प्रादुर्भाव नितांत आवश्यक है। वर्तमान हालातों को देखते हुए इस बार के लोकसभा चुनावों में विकास और प्रतिष्ठा के आधार पर मतदान की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# ईमानदारी पर सिर्फ हमारी ठेकेदारी

//विभांशु दिव्याल//

**राष्ट्रीय राजनीति में दे दनादन चौके-छक्के मारकर तुरत-फुरत बड़ा स्कोर जुटाती हुई, देश के अनेक राज्यों में अपने मजबूत पांव फैलाती हुई और चारों तरफ मोदी विरोध का डंका बजाती हुई, आम आदमी पार्टी के कट्टर ईमानदार और पार्टी के पितृपुरुष सर्वेसर्वा ईमानी नेता को लेकर भाजपा सरकार के परम पुनीत प्रवर्तन निदेशालय ने अंततः अपना मनचाहा संकल्प पूरा किया और भाई को सलाखों के पीछे पहुंचाकर ही दम लिया।**

एक तरफ कट्टर ईमानदार सरकारी प्रधान, दूसरी तरफ कट्टर ईमानदार आम पार्टी का ईमानी नेता। दो कट्टर ईमानदारों के बीच जानमारू प्रतिद्वंद्विता के उग्र स्वरूप को देखकर हमारे झल्लन का दिल भर आया और वह अपनी सहानुभूति का टोकरा लेकर फिल्मी तर्ज पर भूतिया वेश में ईमानी नेता को कैद में रखने वाली सलाखों के निकट चला आया। उसने अपनी आवाज में दर्द पिरोया, आंखों को आंसुओं से धोया, फिर बोला-हम अपनी पूरी हमदर्दी लेकर आये हैं और आपके लिए दो-चार ठो सवाल भी लाये हैं। तो भाईजान, आप पहले व्यक्ति हैं जो मुख्यमंत्री के पद को भी अपने साथ जेल में ले आये हैं, इसके लिए आपको बधाई कि आप एक नया विश्व कीर्तिमान बनाए हैं। अब आगे आपकी रणनीति क्या होगी, आप बाहर आएंगे या यहीं रहकर अपना चुनाव अभियान चलाएंगे? अब यहां आपको कैसी अनुभूति हो रही है, कहीं आपकी हिम्मत तो जवाब नहीं दे रही है?

ईमानी नेता-तुमने पूछा हिम्मत के बारे में, तो हमारा सीना भले 56 इंच का न हो लेकिन फौलाद का सीना है जो कभी हिम्मत नहीं हारता है, और जो हमें डराने की कोशिश करता है उसे ही डरा डालता है। मौजूदा सत्ता हमसे डर गयी है, उसे लगता है कि हम आ जाएंगे तो उनकी सरकार और उनकी पार्टी को खा जाएंगे। सो उन्होंने षड़यंत्र का चक्रव्यूह रचवाया है, हमें जेल भिजवाया है।

झल्लन-मतलब यह कि जो शराब घोटाला सामने आया है, जिसने इतना उत्पात मचाया है वो आपके हिसाब से हुआ ही नहीं, सब दारू में डूब गये मगर किसी ने दारू को छुआ नहीं?

ईमानी नेता-जाहिर है सब खेल हमें परेशान करने के लिए रचाया गया है, हमारे नेताओं पर झूठे आरोप लगाकर जेल में डलवाया गया है।झल्लन-अच्छा, जब आप आरोप लगाते थे, भ्रष्ट और चोर नेताओं की सूची बनाकर मंच से सुनाते थे, उन्हें बार-बार जेल का हकदार बताते थे, तो तब उन पर आप किस आधार पर आरोप लगाते थे, किस बिना पर उन्हें चोर-भ्रष्टाचारी बताते थे?ईमानी नेता-उनके कारनामे तो एजेंसियां उजागर करती थीं, हमें बताती थीं।झल्लन-यानी जब औरों पर एजेंसियां आरोप लगाएं तो वे सही होती हैं पर जब आपको आरोपित ठहराएं तो वे गलत और षड़यंत्रकारी होती हैं। खैर, अच्छी बात है कि आप अपने सही और न्यायनिष्ठ होने का फैसला स्वयं अपने हक में कर लेते हैं इसलिए किसी भी एजेंसी के सम्मन को दरकिनार कर देते हैं। लेकिन यह बताइए कि जिस कांग्रेस के भ्रष्ट नेताओं की आप सूची जारी किया करते थे और जिस कांग्रेस के नेता कुछ समय पहले तक आपको शराब घोटाले का सूत्रधार बताया करते थे, आपकी गिरफ्तारी की मांग किया करते थे, आप उसी कांग्रेस से हाथ मिला रहे हैं और अपनी जेल मुक्ति के लिए उसी से करुण गुहार लगा रहे हैं। क्या आपका जमीर आपको कोंचता नहीं है, आपसे कुछ पूछता नहीं है?

ईमानी नेता-हम कट्टर देशभक्त हैं, देश बचाना चाहते हैं, देश का संविधान बचाना चाहते हैं, अपने देश के लिए हम जमीर की कुर्बानी दे सकते हैं और संविधान बचाने के लिए कांग्रेस तो क्या, भ्रष्ट से भ्रष्ट व्यक्ति का भी साथ ले सकते हैं।

झल्लन-तो आप कह रहे हैं कि भ्रष्ट लोगों से हाथ मिलाए बिना आप संविधान नहीं बचा सकते, या कहना चाहते हैं कि बिना उनके आप सत्ताधारी पार्टी को नहीं हरा सकते। या बिना इस भ्रष्ट कुनबे के आगे दंडवत किये आप अपनी महत्वाकांक्षानुसार प्रधानमंत्री पद की दौड़ में आगे नहीं आ सकते।

ईमानी नेता-ये सारे आरोप गलत हैं, हम संविधान बचाने आये थे, सो संविधान को हर हाल में बचाएंगे। संविधान बचाने में पूरी ईमानदारी दिखाएंगे और ईमानदारी पर अपनी ठेकेदारी किसी भी सूरत में नहीं हटाएंगे।झल्लन-चलिए ठीक है, न खाता न बही जो आप कहें वही सही। पर ये तो बताइए, जब आप जेल आ रहे थे तो आपके मन में क्या खयाल आ रहे थे? आपने क्यों नहीं सोचा कि परंपरानुसार पद से इस्तीफा दे देते और नैतिकता के पालन का थोड़ा श्रेय ले लेते? ईमानी नेता-सुनो मियां झल्लन, जिस नैतिकता की तुम बात कर रहे हो वह प्रजाति अब विलुप्त है, राजनीति के कब्रगाह में सुप्त है। अब जो हम सोचें, जो हम कहें, जो हम करें वही नैतिक होता है इसके अलावा जो भी कुछ होता है वह अनैतिक होता है। कोई कुछ भी कहे हम किसी के झांसे में नहीं आएंगे, हम जेल में हैं तो जेल से ही प्रचार करेंगे और जेल से ही अपनी सरकार चलाएंगे, और अब अगली बातें अगले इंटरव्यू में बताएंगे।

# वैश्विक व्यापार और आशावाद

संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (अंकटाड) की वैश्विक व्यापार रिपोर्ट का मार्च संस्करण पिछले सप्ताह जारी किया गया। उसमें अनुमान जताया गया कि वर्ष 2023 में जहां वैश्विक व्यापार में एक लाख करोड़ डॉलर की कमी आई , वहीं यह भी कहा गया कि 2024 में यह रुझान बदल जाएगा।अंकटाड ने इस दावे का समर्थन करते हुए कहा कि चालू कैलेंडर वर्ष की पहली तिमाही में वस्तु एवं सेवा व्यापार में मामूली बढ़ोतरी देखने को मिली है। इस वृद्धि के कारकों में वैश्विक मुद्रास्फीति में कमी और वैश्विक वृद्धि की मजबूती शामिल हैं।भारत के लिए यह अच्छी खबर है। घरेलू वृद्धि में व्यापार की हिस्सेदारी बढ़ाने की आवश्यकता है। कई निर्यात आधारित क्षेत्र बाहरी वृद्धि के रुझानों को लेकर खासे संवेदनशील हैं और आने वाले दिनों में बेहतर ऑर्डर बुक देखने को मिल सकती हैं।गोल्डमैन सैक्स के एक हालिया विश्लेषण में कहा गया कि भारत से संचालित सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना प्रौद्योगिकी समर्थित सेवा कंपनियों के राजस्व में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 9 से 10 फीसदी की वृद्धि देखने को मिल सकती है। ऐसा दबी हुई मांग और जेनरेटिव आर्टिफिशल इंटेलिजेंस जैसे तकनीकी नवाचारों की बदौलत हो सकता है।वैश्विक व्यापार के समक्ष मौजूदा व्यापक जोखिमों को भी कम करके नहीं आंका जाना चाहिए। अंकटाड कई जोखिमों को चिह्नित करता है, उनमें से कुछ पर भारतीय नीति निर्माताओं को सावधानीपूर्वक नजर रखनी चाहिए। 2024 के दौरान कुछ समय तक नौवहन मार्गों के बाधित बने रहने की आशंका है। यमन में स्थित हूती विद्रोहियों द्वारा पोतों पर हुए हमलों में ज्यादा जानें भले नहीं गईं लेकिन उन्होंने लाल सागर से गुजरने वाले मार्ग का जोखिम और बीमा राशि दोनों में इजाफा कर दिया है जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र से भूमध्यसागर की ओर होने वाले समुद्री व्यापार को प्रभावित कर रहा है। अंकटाड ने जिंस कीमतों में अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव को भी एक संभावित समस्या के रूप में पेश किया।दो वर्ष पहले रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण ने ईंधन बाजार में उथलपुथल मचा दी थी। इसने कई जिंसों की आपूर्ति श्रृंखला के लिए भी दिक्कत पैदा कर दी थी जिसमें कृषि जिंस शामिल थीं। युद्ध कच्चे माल की लागत और व्यापार को प्रभावित कर रहा है और इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती है।निश्चित तौर पर गत सप्ताह यह खबर भी थी कि अमेरिका ने रूसी तेल पहुंचाने वालों पर नए सिरे से प्रतिबंध लगाए हैं। इस बात ने भी भारतीय रिफाइनरी तक तेल की आपूर्ति में देरी की। इस तथा अन्य संघर्षों ने व्यापार नेटवर्क को प्रभावित किया है और इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती है।आखिर में अंकटाड ने भू-आर्थिकी को लेकर भी कुछ चिंताएं जताई हैं जो मोटे तौर पर आपस में जुड़ी हुई हैं। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में चीन के दबदबे की चिंताओं के वशीभूत कंपनियां और सरकारें दोनों अलग-अलग स्तर पर कदम उठा रही हैं।रिपोर्ट बताती है कि आपूर्ति श्रृंखलाएं लंबी हो रही हैं। एक ओर यह बात उन्हें गैर किफायती बना रही है और लागत बढ़ा रही है तो वहीं दूसरी ओर इससे भारत समेत कुछ देशों के लिए यह अवसर भी उत्पन्न हुआ है कि वे मूल्य श्रृंखला में अधिक प्रभावशाली बन सकें।निश्चित तौर पर भारत सरकार के सेमीकंडक्टर, मोबाइल फोन और इलेक्ट्रिक वाहनों से जुड़े कदमों के पीछे यही वजह है। परंतु अहम खनिजों पर व्यापार प्रतिबंधों जैसे संबद्ध विषयों से भी निपटना होगा।

## तस्वीरों की दुनिया




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेरठ में लोकसभा चुनाव से पहले एक चुनाव प्रचार रैली के दौरान भीड़ का हाथ हिलाते हुए। साथ में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, हरियाणा के सीएम नायब सिंह, अपना दल (एस) नेता अनुप्रिया पटेल और अन्य नेता भी नजर आ रहे हैं।



मेरठ में एक चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्मृति चिन्ह भेंट किया।



मेरठ में एक चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को माला पहनाई गई।



जयपुर में भाजपा समिति की बैठक के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में अपने आवास पर वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने से पहले उनका स्वागत किया।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में अपने आवास पर लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न प्रदान किया।



नई दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया ब्लॉक की लोकतंत्र बचाओ रैली के दौरान महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) नेता और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और अन्य नेता।

# केजरीवाल-हेमंत सोरेन की तुरंत रिहाई, चुनावों में समान अवसर... रैली में INDIA ब्लॉक ने रखीं ये 5 मांग



नईदिल्ली, 01 अप्रैल [एजेंसी]।

लगभग सात आठ महीने पहले तैयार हुए विपक्षी इंडी गठबंधन की दूसरी संयुक्त दिल्ली रैली में एकजुटता दिखी। हालांकि यह भी स्पष्ट संदेश दे दिया गया कि आयोजन भले ही आम आदमी पार्टी ने किया हो, इस मंच से नेतृत्व किसी को नहीं दिया जाएगा। इसीलिए मंच के बैकग्राउंड पर किसी भी नेता की फोटो नहीं लगाई गई। पर एक स्वर में कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, फारूख अब्दुल्ला, सीताराम येचुरी समेत कई विपक्षी नेताओं ने मोदी सरकार पर मैच फिक्स करने का आरोप लगाया। चुनाव आयुक्तों पर भी परोक्ष उंगली उठाते हुए कहा गया कि इस चुनावी मैच में रैफरी उनके तय किए हुए है, विपक्षी खिलाड़ियों को समान मौका नहीं दिया जा रहा है।

कांग्रेस ने पुराना आरोप फिर से दोहराया कि ऐसे में अगर भाजपा चुनाव जीत जाती है तो संविधान बदल दिया जाएगा और देश में आग लग जाएगा। आम आदमी पार्टी ने इस रैली का आयोजन किया था और जाहिर तौर पर यह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए बड़ा समर्थन दिखाने का मौका था।मंच पर मौजूद नेताओं ने केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का नाम भी लिया। लेकिन हर नेता के पास अपने कुछ दर्द भी थे। मसलन राहुल और खरगे आए तो उनके लिए कांग्रेस पर आयकर नोटिस ज्यादा बड़ा मुद्दा था। अखिलेश ने उत्तर प्रदेश सरकार पर भी उंगली उठाई। अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल व झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन अपने पतियों की गिरफ्तारी को लेकर ज्यादा मुखर दिखीं। सुनीता केजरीवाल को मंच पर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के बगल जगह दी गई थी। एक तरह से राजनीति में उनकी एंट्री का एलान हो गया। इसी तरह कल्पना सोरेन की एंट्री भी हो गई। सुनीता केजरीवाल ने रैली को भी संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल के संदेश और उनकी ओर छह गारंटियों का ऐलान किया गया। हालांकि यह तय नहीं कि उन्होंने जिन छह गारंटियों की बात की वह क्या पूरे गठबंधन की गारंटी है। क्योंकि इसमें दिल्ली की झलक थी। इसमें दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने, मोहल्ला क्लीनिक जैसी बातें भी थीं।लगभग 20 हजार की भीड़ के बीच सोनिया गांधी तो नहीं बोलीं लेकिन प्रियंका ने गठबंधन की ओर से पांच मांगे रखीं। लोकतंत्र बचाओ रैली को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी संबोधित किया। उन्होंने मोदी सरकार पर चुनाव से पहले ही विपक्षी पार्टियों को डराने और दबाने का आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस पार्टी के खातों को फ्रीज कर दिया गया। पार्टी पर 3567 करोड़ की पेनाल्टी लगा दी गई है। वह चाहते है कि हम प्रचार न कर सकें। खरगे ने कहा कि यदि लोकतंत्र चाहते हो, तो तानाशाही का समर्थन करने वालों को देश से निकाल फेंकना होगा।उन्होंने आरएसएस को एक जहर जैसा बताया व कहा कि यदि इसे चाटकर भी देखने को सोंचेंगे तो भी मरेंगे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव पर मैच फिक्सिंग जैसा आरोप लगाया और कहा कि चुनाव के ठीक पहले अंपायर यानी चुनाव आयुक्तों का चयन किया गया। मैच शुरू होने से पहले हमारी टीम के दो खिलाड़ियों (केजरीवाल व सोरेन) को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया। विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी के बैंक खातों को बंद कर दिया गया।विपक्षी गठबंधन की इस रैली को इस दौरान कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने भी संबोधित किया और उन्होंने इस पूरी लड़ाई को भगवान राम से जोड़कर बताया। जिसमें भगवान राम ने बगैर सत्ता, संसाधन और सेना के कैसे एक ऐसे व्यक्ति को धराशायी कर दिया था, जो ताकत और संसाधन में बहुत शक्तिशाली थी।चुनाव आयोग को समान अवसर सुनिश्चित करना चाहिएआयोग को जांच एजेंसियों की बलपूर्वक द्वारा की जाने वाली कार्रवाई को रोकना चाहिए।

## वित्तीय वर्ष 2023-24 में बिहार को केंद्र से मिले 1.73 लाख करोड़ जीएसटी में राज्य की हिस्सेदारी के रूप में 28 हजार करोड़ प्राप्त हुए



पटना, 01 अप्रैल [एजेंसी]।

रविवार को वित्तीय वर्ष 2023-24 का समापन हो गया। इस वित्तीय वर्ष में बिहार को केंद्र से लगभग 1.73 लाख करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। इसमें केंद्रीय करों में हिस्सा, केंद्र प्रायोजित योजनाओं एवं जीएसटी में राज्य की हिस्सेदारी के रूप में मिलने वाली राशि सम्मिलित है। वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन राज्य के सभी कोषागार में कामकाज हुआ और सभी विभागों ने अपने-अपने खातों को अंतिम रूप दिया।वित्त विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतिम दिन तक बिहार को केंद्रीय करों में हिस्सेदारी के रूप में एक लाख एक हजार करोड़ की निर्धारित राशि का भुगतान हो गया।केंद्र प्रायोजित योजना के तहत लगभग 44 हजार करोड़ रुपये मिले।

जीएसटी में राज्य की हिस्सेदारी के रूप में लगभग 28 हजार करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं।2023-24 के वित्तीय खातों का मिलान व जांच महालेखाकार द्वारा किया जाएगा। उसके बाद सभी खातों को अंतिम रूप से इस वर्ष जून में अंतिम रूप से बंद कर दिया जाएगा। केंद्र व राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों व निजी बैंकों में भी रविवार को वित्तीय कामकाज का निबटारा हुआ। इसके लिए सभी बैंकों की शाखाएं खुली रहीं। हालांकि, बैंक शाखाओं में सामान्य दिनों की भांति आम लोगों को सेवाएं नहीं मिलीं।

## जब पुलिस को देखते ही पैसे समेटकर भागने लगा तस्कर..., करीब 15 लाख नकद और विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार



भागलपुर, 01 अप्रैल [एजेंसी]।

बबरगंज पुलिस ने महेशपुर शिक्षक कालोनी स्थित एक घर में छापेमारी कर 14 लाख 93 हजार 600 रुपये रुपये नकद और 15 बोतल विदेशी शराब के साथ तस्कर अमित साह को गिरफ्तार कर लिया। बरामद रकम 500 और 200 रुपये की गड्डी में है। पुलिस ने बताया कि शराब तस्करी की सूचना पर अमित साह के घर छापेमारी की गई। पुलिस को देखते ही वह पैसे समेटकर भागने लगा। पर जवानों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। घर की तलाशी ली गई तो मोटी रकम और शराब की बोतलें बरामद हुईं। रकम बरामदगी की सूचना इनकम टैक्स विभाग को दे दी गई है। अधिकारी इस बात की जांच करेंगे कि तस्कर के पास इतनी मोटी रकम आई कहां से। अगर वह उसकी कमाई हुई रकम है तो उसने इनकम टैक्स जमा किया है या नहीं। इनकम टैक्स जमा किया होगा तो राशि वापस कर दी जाएगी।

पुलिस का कहना है कि अमित काफी दिनों से शराब तस्करी से जुड़ा रहा है। पता लगाया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शराब की खेप मंगाने के लिए किसी राजनीतिक दल ने तो उसे इतनी मोटी रकम नहीं दी थी। छापेमारी में बबरगंज थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार, दारोगा राहुल पासवान, विशाल कुमार, एएसआइ रवि रंजन सिंह आदि शामिल थे। अमित साह के घर से 14 लाख 93 हजार 600 रुपये और 4.605 लीटर विदेशी शराब जब्त किया गया है। अमित को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पैसों के बारे में उससे पूछताछ की गई पर वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। बार-बार बयान बदलकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश कर रहा था। अमित का आपराधिक रिकार्ड रहा है। शराब तस्करी, आर्म्स एक्ट और विस्फोटक अधिनियम में वह जेल जा चुका है।

# बेटी की शादी के लिए जमा किया था पैसा बदमाशों ने एटीएम बदलकर खाता किया खाली

नईदिल्ली, 01 अप्रैल [एजेंसी]।

करोलबाग इलाके मे रहने वाले नरेश कुमार की बेटी की 18 अप्रैल को शादी है। प्रिटिंग का कार्य करने वाले नरेश ने मजदूरी कर बेटी की शादी के लिए एक-एक पैसा जमा कर सवा लाख रूपये जोड़े थे। शनिवार शाम लगभग साढ़े छह बजे जब वह करोलबाग में इस्ट पार्क,शनिदेव मंदिर के पास एक्सिस बैंक के एटीएम में पैसा निकालने गए तब वहां पहले से एटीएम के बाहर खड़े तीन युवकों में एक अंदर आ गया एटीएम में छेड़छाड़ करने लगा।वह उसे रोकने लगे इतने में दूसरा लड़का गेट खोल अंदर घुसने लगा वह गेट बंद करने के लिए मुड़े तो इसी दौरान पहले से खड़े लड़के ने उनका एटीएम बदल दिया, जिसका उन्हें अहसास तक नहीं हुआ। इसके बाद दोनों बाहर निकल वहां से चले गए। कुछ ही देर में पीड़ित के फोन पर एक के बाद पैसा कटने के बैंक से मैसेज आए और पीड़ित के खाते से 1,24,996 रूपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने तुरंत अपने बैंक में फोन कर एटीएम कार्ड ब्लाक कराया और करोल बाग थाने में एफआईआर दर्ज करा दी। पीड़ित नरेश कुमार ने बताया कि शनिवार को वह खर्च के लिए पांच हजार रूपये निकालने के लिए



शनिवार शाम 6.35 पर एक्सिस बैंक गए थे।कार्ड लगाकर वह पैसा निकालने लगे की इतने में पीछे से पहले से बाहर खड़े तीन लड़कों में से एक लड़का अंदर घुसा और पिन चैंज का बटन दबा दिया। उन्होंने से हाथ से लड़के को पीछे हटाया और दोबारा से एटीएम पासवर्ड डाला तभी उसने फिर से बैलेंस चैक का बटन दबा दिया।इतने में गेट खोल एटीएम के बाहर खड़े दो लड़कों में से एक अंदर घुसने लगा उसे रोकने के लिए वह पलट कर गेट बंद करने लगे तो इस दौरान पीछे लड़के ने एटीएम बदल दिया।

इसके बाद दोनो बाहर खड़े अपने साथी के साथ वहां से चले गए। इसी बीच पैसा कटने के एक के बाद एक कई मैसेज आए।नरेश ने बताया कि सबसे पहले 6.40 पर 73,996 रूपये निकलने का मैसेज आया।

इसके बाद 6.44, 6.45, 6.46 और 6.47 बजे दस-दस हजार रूपये कटने के मैसेज आए। पीड़ित नरेश ने कहा कि यह पैसा उसने अपनी बड़ी बेटी अंजली की शादी के लिए बैंक में जमा किया हुआ था, जिसकी 18 अप्रैल को शादी है।12 अप्रैल को पूरा परिवार गांव जाएगा, जहां शादी है। मगर उससे पहले ही यह हो गया, समझ नहीं आ रहा है कि अब क्या होगा कैसे होगा। वारदात के बाद से ही वह करोलबाग और मध्य दिल्ली साइबर थाने के चक्कर काट रहे हैं।

## दोस्त के साथ पान खाने आए युवक की हत्या, हत्यारों ने झगड़े के बाद कहा- रुको अभी आते हैं, आते ही मार दिया बम



प्रयागराज, 01 अप्रैल [एजेंसी]।

गद्दोपुर गांव में रविवार देर शाम एक युवक की बम मारकर हत्या कर दी गई। पान की दुकान पर कुछ युवकों से हुए विवाद के बाद घटना को अंजाम दिया गया। फाफामऊ समेत कई थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के साथी से पूछताछ के बाद आरोपियों की तलाश में पुलिस जुट गई।गद्दोपुर गांव निवासी संतोष पाल का 22 वर्षीय पुत्र संदीप पाल दूध बेचने का काम करता था। रविवार देर शाम करीब सात बजे वह अपने दोस्त रामनरेश सरोज निवासी गद्दोपुर के साथ गांव के बाहर मुख्य सड़क पर पान खाने गया था। पान की दुकान पर रुदापुर गांव के कुछ युवक खड़े थे। अचानक संदीप का उनसे विवाद हो गया। बातचीत बढ़ी और धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इसी बीच हमलावरों ने संदीप से बोला कि रुके रहो, अभी आते हैं। रामनरेश सरोज संदीप से घर चलने को कहने लगा, लेकिन वह वहीं खड़ा था। पलभर में हमलावर तेजी से आए और संदीप के सिर में बम मार दिया। दो-तीन और बम चलाए गए। इससे वहां मौजूद लोगों में खलबली मच गई। हर कोई इधर-उधर भागने लगा। चाय-पान की दुकानें बंद होने लगीं। प्रयागराज-लखनऊ-प्रतापगढ़ मार्ग पर आवागमन भी थम गया। धुआं हटा तो संदीप तड़प रहा था। आननफानन में उसे फाफामऊ स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया।

## लड़की को किडनैप कर ले जा रहे थे दो मनचले, ट्रैफिक पुलिस के जवान ने पीछे दौड़ा दी अपनी बाइक

इंदौर, 01 अप्रैल [एजेंसी]।

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में दिनदहाड़े दो युवकों ने एक नाबालिग लड़की को उठा लिया और उसको बाइक पर बैठा कर कहीं ले जा रहे थे। तेज रफ्तार बाइक से लड़की को ले जाते वक्त वह एक जगह ड्यूटी कर रहे यातायात पुलिस के जवान के सामने से होकर गुजरे तभी लड़की ने जवान को मदद का इशारा कर दिया। इसके बाद जवान ने अपनी बाइक उनके पीछे दौड़ा दी और लड़की को मनचलों के चंगुल से छुड़ा लिया। पुलिस के मुताबिक, लड़की बस का इंतजार कर रही तभी रिंग रोड पर बाइक लेकर दो मनचले आए और उसका अपहरण कर लिया। घटना रविवार शाम साढ़े छह बजे



खजराना चौराहे की है। एक बाइक तेज रफ्तार से बंगाली चौराहे की तरफ निकली।

जिस पर दो युवकों के बीच में 15 साल की लड़की बैठी हुई थी।वहां यातायात संभाल रहे आरक्षक विजय जाटवाल की नजर बाइक पर पड़ीं। नजरें मिलने पर लड़की ने यातायात पुलिस से इशारों में मदद मांगी। यह देख विजय ने सूबेदार बृजराज अजनार को पूरी बात बताई। इतना सुनते ही सूबेदार ने बाइक दौड़ा दी और बंगाली ब्रिज कट के पास बाइक सवारों को रोक लिया। सूबेदार को देखते ही बाइक रोक दोनों युवक भागने लगे। कुछ दूर दौड़ने के बाद सूबेदार और आरक्षक ने उन्हें पकड़ लिया। पकड़ने के बाद दोनों युवक अपना नाम पता बताने को तैयार नहीं थे। लड़की से पूछने पर बताया कि वह बस का इंतजार कर रही थी। तभी एक युवक आया और बोला कि बहन यहां मत खड़े रहो। मैं तुमको आगे छोड़ देता हूं। मैं गाड़ी के पास आई, तब तक एक और युवक आया और मुझे जबरदस्ती बाइक पर बैठा लिया और मेरा फोन भी छीन लिया था।घटना के बाद पकड़े जाने पर मौजूद भीड़ ने भी दोनों युवकों की पिटाई शुरू कर दी।

## फर्जी पहचान बताकर शादी के नाम पर ठगने वाले दो गिरफ्तार, 70 महिलाओं को निशाना बना चुके हैं आरोपित

पूर्वी दिल्ली, 01 अप्रैल [एजेंसी]।

मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर फर्जी पहचान बताकर महिलाओं से शादी का वादा कर उनसे ठगी करने वाले दो शातिर ठगों को शाहदरा जिले के साइबर सेल ने गिरफ्तार किया है।आरोपितों की पहचान द्वारका दिल्ली निवासी प्रशांत और सागरपुर निवासी रंजीत रंजन ठाकुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के पास से तीन मोबाइल बरामद किए हैं। वह पिछले दो वर्षों में 70 महिलाओं को अपना शिकार बना चुके हैं। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि 29 मार्च को साइबर थाने में एक महिला ने ठगी की शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने एक मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर पंजीकरण किया हुआ है। एक दिन उसके संपर्क में डा. अमन शर्मा नाम का व्यक्ति आया। दोनों के बीच बाते होने लगी।

आरोपित ने उसका भरोसा जीतकर बहाने से उससे 1.13 लाख रुपये ले लिए और बात करना बंद कर दिया।एसआइ रिंकी व अन्य की टीम बनाई गई। पुलिस ने बैंक खातों की पड़ताल करके व टेक्निकल सर्विलांस के जरिये आरोपित रंजीत रंजन को सागरपुर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को पूछताछ में पता चला कि वह शादीशुदा है और दो बच्चों का पिता है।वह खुद को डाक्टर बताकर मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर महिलाओं को फंसाता था। करीब 50 महिलाओं से वह ठगी कर चुका है। रकम ठगने के बाद वह नंबर बंद कर देता था। वहीं साइबर थाने में 28 मार्च को एक ओर युवती ने ठगी की शिकायत दी थी।

## मध्य प्रदेश में सीएम मोहन यादव का बड़ा ऐलान, बोले-गोपालकों से दूध खरीदने पर बोनस देगी सरकार

जबलपुर, 01 अप्रैल [एजेंसी]।

मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने रविवार को एक जनसभा को संबोधित करने के दौरान बड़ा ऐलान कर दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार गोपालकों से दूध खरीदने पर बोनस देगी। उन्होंने अदिवासी अंचल उमरिया, मंडला व सिवनी में चुनावी सभाओं को संबोधित किया।सिवनी के घंसौर में मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि जैसे गेहूं उपार्जन में किसानों को बोनस दिया जाता है उसी तरह गो-पालकों से दूध खरीदने पर बोनस दिया जाएगा। गो पालकों से दूध खरीदी सहकारी समितियों के माध्यम से की जानी है। मंडला के बिछिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम घुटास में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कांग्रेस को आदिवासी से छल करने वाली पार्टी बताया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस वोट लेकर आदिवासियों को उनके अधिकार से वंचित करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक आदिवासी बहन को राष्ट्रपति बनाकर सिद्ध कर दिया है कि हमारी सरकार ने जनजातीय समाज के कल्याण और सम्मान के लिए काम किए हैं। उमरिया में मुख्यमंत्री ने छिंदवाड़ा लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार नकुल नाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि विधायक कमलेश शाह गोंड समाज के राज परिवार से ताल्लुक रखते हैं। जब तक वह कांग्रेस पार्टी में रहे हैं तब वह उनके लिए अच्छे थे लेकिन आज जब वह बीजेपी में शामिल हो गए हैं तब वह बुरे हो गए हैं। आदिवासी नेता शाह को गाली देकर आदिवासी समाज का अपमान किया गया है। सीएम ने डिंडौरी में रोड शो भी किया। इस दौरान चुनाव के बाद डिंडौरी में आयुर्वेदिक कालेज खोलने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान तमाम लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

# लक्ष्मण रेखा पार न करें, गुरपतवंत सिंह पन्नू मामले पर अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी की चेतावनी

नईदिल्ली, 01 अप्रैल [एजेंसी]।

अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा कि भारत और अमेरिका गुरपतवंत सिंह पन्नू की कथित हत्या की साजिश की जांच में मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी देश का कोई भी सरकारी कर्मचारी किसी विदेशी नागरिक की हत्या की साजिश में शामिल नहीं हो सकता। मेरा मानना है कि आमतौर पर यह किसी भी देश के लिए एक रेड लाइन है, जिसे पार नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर साथ काम करना दर्शाता है कि वर्तमान में भारत-अमेरिका संबंध कितने मजबूत और करीबी हैं।खालिस्तान समर्थकों के मार्च और पन्नू द्वारा दी गई धमकियों का जिक्र करते हुए गार्सेटी ने कहा कि अमेरिकी प्रणाली स्वतंत्र भाषण की रक्षा करती है। एक अमेरिकी नागरिक को केवल देश के कानूनों के अनुसार दोषी ठहराया या निर्वासित किया जा सकता है। आतंकी पन्नू कई बार भारत के खिलाफ धमकियां दे चुका है। उन्होंने सीएए पर अमेरिका की चिंताओं की भी बात की। उन्होंने कहा कि कभी-कभी नई दिल्ली और वाशिंगटन कुछ चीजों पर



असहमत होने के लिए सहमत हो सकते हैं और इसे नकारात्मक रूप से नहीं लेना चाहिए। युद्ध की बदलती प्रकृति के बीच साथ मिलकर तलाश रहे समाधानदोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग की प्रशंसा करते हुए गार्सेटी ने कहा कि युद्ध की बदलती प्रकृति के बीच अमेरिका और भारत मिलकर सामाधान तलाश रहे हैं। लाल सागर में बदलते परिदृश्य पर कहा कि ऐसे हथियार विकसित करने की जरूरत है, जो युद्ध की नई प्रकृति का सामना कर सकें।सस्ते ड्रोन और मिसाइलों को दस लाख डालर की मिसाइल और रक्षा द्वारा ही गिराया जाना पड़ रहा है। उन्होंने भारत और अमेरिका के बीच जेट इंजन और प्रीडेटर ड्रोन के सौदे के संबंध में कहा कि सभी कुछ सही पटरी पर चल रहा है। छात्रों पर हमले के मुद्दे पर कहा कि हम भारतीय छात्रों से प्यार करते हैं। उन्होंने छात्रों से सतर्क और सावधान रहने का आग्रह किया।जो बाइडन ने कहा था, भारत मेरे लिए दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण देश। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की ओर से दोनों देशों के साझेदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध न केवल नई दिल्ली और वाशिंगटन के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण है।

### कार सीख रही युवती ने पांच लोगों को मारी टक्कर, एक प्रोफेसर की हालत गंभीर, गाड़ी छोड़कर भाग गई लड़की

**पटना।** राजीव नगर थाना क्षेत्र के दीघा-आशियाना रोड में रविवार की सुबह कार सीख रही युवती ने पांच लोगों को टक्कर मार दी। इसमें प्रो. ललित मोहन सिन्हा गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जबकि चार लोगों को मामूली चोटें आई हैं। प्रोफेसर को राजाबाजार स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। इधर, हादसे के बाद युवती कार छोड़ कर भाग गई। वह एक पुलिस अधिकारी की पुत्री बताई जा रही है।पुलिस अधिकारी कार लेकर जाने के लिए पहुंचे तो लोगों ने विरोध कर दिया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच गहमागहमी हुई। सूचना मिलने पर गांधी मैदान ट्रैफिक थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त कार जब्त कर ली।सिटी एसपी चंद्र प्रकाश ने बताया कि मामले को ट्रैफिक पुलिस को सौंप दिया गया है।

## पाकिस्तान वैश्विक शांति के लिए अमेरिका के साथ काम करना चाहता है, पीएम शहबाज ने बाइडन को लिखा पत्र

इस्लामाबाद, 01 अप्रैल [एजेंसी]।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को आश्वासन देते हुए कहा कि इस्लामाबाद वैश्विक शांति और क्षेत्र की समृद्धि के सामान्य लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वॉशिंगटन के साथ काम करना चाहता है।

शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान अमेरिका के साथ अपने संबंधों को बेहद महत्व देता है। शरीफ का यह बयान बाइडन के लिखे पत्र के बाद आया है। शरीफ ने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग और ग्रीन अलायंस फ्रेमवर्क पहल का स्वागत है। हालांकि, पाकिस्तान के डॉन अखबार के हवाले से विशेषज्ञों ने कहा कि बाइडन के पत्र में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को सत्ता संभालने या चुनाव में जीत के लिए बधाई नहीं दी गई।

गौरतलब है कि पत्र में अमेरिका ने आश्वासन दिया कि वॉशिंगटन सबसे गंभीर वैश्विक और क्षेत्रीय चुनौतियों से निपटने के लिए पाकिस्तान के साथ खड़ा रहेगा। इस्लामाबाद में नए प्रशासन के साथ पहले संवाद में बाइडन ने कहा कि हमारे और दुनिया भर के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दोनों के बीच स्थायी साझेदारी महत्वपूर्ण बनी हुई है। दिलचस्प बात यह है कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति के तौर पर उन्होंने पद संभाला था, तब पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ उन्होंने ऐसा कोई संवाद नहीं किया था।

# देव शक्तियों की आराधना के प्रमुख केन्द्र हैं मंदिर

**भारतीय धर्मों (सनातन धर्म, जैन धर्म, बौद्ध धर्म, सिख धर्म आदि) हिन्दुओं के उपासनास्थल को मन्दिर कहते हैं। यह अराधना और पूजा-अर्चना के लिए निश्चित की हुई जगह या देवस्थान है। यानी जिस जगह किसी आराध्य देव के प्रति ध्यान या चिन्तन किया जाए या वहां मूर्ति इत्यादि रखकर पूजा-अर्चना की जाए उसे मन्दिर कहते हैं। मन्दिर का शाब्दिक अर्थ घर है। वस्तुतः सही शब्द देवमन्दिर शिवमन्दिर कालीमन्दिर आदि हैं।**

और मठ वह स्थान है, जहां किसी सम्प्रदाय, धर्म या परम्परा विशेष में आस्था रखने वाले शिष्य आचार्य या धर्मगुरु अपने सम्प्रदाय के संरक्षण और संवर्द्धन के उद्देश्य से धर्म ग्रन्थों पर विचार विमर्श करते हैं या उनकी व्याख्या करते हैं, जिससे उस सम्प्रदाय के मानने वालों का हित हो और उन्हें पता चल सके कि, उनके धर्म में क्या है। उदाहरण के लिए बौद्ध विहारों की तुलना हिन्दू मठों या ईसाई मोनेस्ट्रीज़ से की जा सकती है। लेकिन मठ शब्द का प्रयोग शंकराचार्य के काल यानी सातवीं या आठवीं शताब्दी से शुरु हुआ माना जाता है।

गुप्तकाल (चौथी से छठी शताब्दी) में मन्दिरों के निर्माण का उत्तरोत्तर विकास दृष्टि गोचर होता है। पहले लकड़ी के मन्दिर बनते थे या बनते होंगे लेकिन जल्दी ही भारत के अनेक स्थानों पर पत्थर और ईंट से मन्दिर बनने लगे। 7वीं शताब्दी तक देश के आर्य संस्कृति वाले भागों में पत्थरों से बने मंदिरों का निर्माण होना पाया गया है। चौथी से छठी शताब्दी में गुप्तकाल में मन्दिरों का निर्माण बहुत द्रुत गति से हुआ। मूल रूप से हिन्दू मन्दिरों की शैली बौद्ध मन्दिरों से ली गयी होगी जैसा- कि उस समय के पुराने मन्दिरो में मूर्तियों को मन्दिर के मध्य में रखा होना पाया गया है और जिनमें बौद्ध स्तूपों की भांति परिक्रमा मार्ग हुआ करता था। गुप्तकालीन बचे हुए लगभग सभी मन्दिर अपेक्षाकृत छोटे हैं,जिनमें काफी मोटा और मजबूत कारीगरी किया हुआ एक छोटा केन्द्रीय कक्ष है, जो या तो मुख्य द्वार पर या भवन के चारों ओर बरामदे से युक्त है। गुप्तकालीन आरम्भिक मन्दिर, उदाहरणार्थ सांची के बौद्ध मन्दिरों की छत सपाट है; तथापि मन्दिरों की उत्तर भारतीय शिखर शैली भी इस काल में ही विकसित हुयी और शनैः शनैः इस शिखर की ऊंचाई बढती रही। 7वीं शताब्दी में बोध गया में निर्मित बौद्ध मन्दिर की बनावट और ऊंचा शिखर गुप्तकालीन भवन निर्माण शैली के चरमोत्कर्ष का प्रतिनिधित्व करता है। भारत के प्रसिद्ध मन्दिर एवम मठ जैसे-उज्जैन का महाकालेश्वर,ओमकारेश्वर,जगन्नाथ पुरी एवम महाभारत काल से जुड़ी मान्यताओं में खाटू श्याम जी का मन्दिर आज ख्याति प्राप्त मन्दिर हैं।



बौद्ध और जैन पन्थियों द्वारा धार्मिक उद्देश्यों के निमित्त कृत्रिम गुफाओं का प्रयोग किया जाता था और हिन्दू धर्मावलम्बियों द्वारा भी इसे आत्मसात कर लिया गया था। फिर भी हिन्दुओं द्वारा गुफाओं में निर्मित मन्दिर तुलनात्मक रूप से बहुत कम हैं और गुप्तकाल से पूर्व का तो कोई भी साक्ष्य(प्रमाण) इस सम्बन्ध में नहीं पाया जाता है। गुफा मन्दिरों और शिलाओं को काटकर बनाये गये मन्दिरों के सम्बन्ध में अधिकतम जानकारी जुटाने का प्रयास करते हुए हैं हम जितने स्थानों का पता लगा सके वो पृथक सूची में सलंग्न की है। मद्रास (वर्तमान चेन्नई) के दक्षिण में पल्लवों के स्थान महाबलिपुरम् में, 7वीं शताब्दी में निर्मित अनेक छोटे मन्दिर हैं, जो चट्टानों को काटकर बनाये गये हैं और जो तमिल क्षेत्र में तत्कालीन धार्मिक भवनों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

मन्दिरों का अस्तित्व और उनकी भव्यता गुप्त राजवंश के समय से देखने को मिलती है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि गुप्त काल से हिन्दू मन्दिरों का महत्त्व और उनके आकार में उल्लेखनीय विस्तार हुआ तथा उनकी बनावट पर स्थानीय वास्तुकला का विशेष प्रभाव पड़ा। उत्तरी भारत में हिन्दू मन्दिरों की उत्कृष्टता उड़ीसा तथा उत्तरी मध्यप्रदेश के खजुराहो में देखने को मिलती है। उड़ीसा के भुवनेश्वर में सिथत लगभग 1000 वर्ष पुराना लिंगराजा का मन्दिर वास्तुकला का सर्वोत्कृष्ट उदाहरण है।



## कसरत के बाद न करें ये 5 गलतियां पूरी मेहनत हो सकती है खराब

जब भोजन की बात आती है तो हमेशा ही पोषण विशेषज्ञ और डॉक्टर पोषक तत्वों से भरपूर और सीमित मात्रा में खाना खाने की सलाह देते हैं।यही बात कसरत सेशन पर भी लागू होती है। अपनी क्षमता से अधिक एक्सरसाइज करने या गलत एक्सरसाइज से शरीर को नुकसान पहुंच सकता है।आइए आज हम आपको कसरत से जुड़ी ऐसी सामान्य गलतियों के बारे में बताते हैं, जिनसे फिटनेस ट्रेनर्स बचने को कहते हैं।

एक्सरसाइज को एकदम से बंद करना- एक्सरसाइज को एकदम से बंद करना अगर आप एकदम से अपनी एक्सरसाइज बंद कर देते हैं तो यह आपकी सबसे बड़ी गलती है।उदाहरण के लिए अगर आप दौड़ रहे हैं तो फिर धीरे-धीरे अपनी गति को कम करें, लेकिन दौड़ते हुए एकदम से न रूकें।वहीं अन्य एक्सरसाइज के बाद शरीर को ठंडा करने के लिए आप स्ट्रेचिंग या फॉम रोलिंग जैसी एक्सरसाइज कर सकते हैं क्योंकि इनसे शरीर का तापमान और हॉर्ट रेट धीरे-धीरे सामान्य हो जाता है।

ओवरट्रेनिंग करना- धीरे-धीरे कसरत का समय बढ़ाना आवश्यक है, लेकिन अति करना ठीक नहीं है।ओवरट्रेनिंग या अधिक वर्कआउट करना शरीर के लिए हानिकारक हो सकता है। इससे हृदय गति में बढ़ोतरी, भूख में कमी और तेजी से वजन घटना आदि ओवरट्रेनिंग के कुछ प्रभाव हो सकते हैं।इसके अतिरिक्त ओवरट्रेनिंग करने बाद एकदम से पानी का सेवन करने से भी सेहत को नुकसान पहुंच सकता है।यहां जानिए एक्सरसाइज के बाद वजन घटने न देने वाली आदतें।

गलत तरीके से एक्सरसाइज करना- यह कसरत के बाद की गलती नहीं है, लेकिन एक्सरसाइज से जुड़ी सबसे महत्वपूर्ण बात है।खासतौर से अगर आप पहली बार या फिर कई दिनों के बाद अपना कसरत सेशन शुरू करने जा रहे हैं और कोई ट्रेनर आपके साथ नहीं है तो कुछ सरल एक्सरसाइज करें और वेट लिफ्टिंग तो बिल्कुल भी न करें।इसके अतिरिक्त ऑनलाइन वीडियोज देखकर एक्सरसाइज करने की गलती तो बिल्कुल न करें।

कूल डाउन सेशन को छोटा रखना-अगर आप कसरत के बाद कूल डाउन सेशन को महत्वपूर्ण नहीं समझते हैं और इसे छोड़ देते हैं या बहुत छोटा रखते हैं तो ऐसा करना गलत है।दरअसल, कसरत के बाद शरीर के तापमान को सामान्य करने में थोड़ा समय लगता है। इसलिए यह जरूरी है कि आप कसरत के बाद थोड़ा समय कूल डाउन सेशन को भी दें।जैसे अगर आप 60 मिनट एक्सरसाइज कर रहे हैं तो बाद में 10-15 मिनट वार्म अप करें।

कसरत के बाद गलत खान-पान-जिस तरह से कसरत से पहले सही चीजों का सेवन करना आवश्यक है, ठीक उसी तरह कसरत के बाद भी खान-पान पर ध्यान दिया जाना चाहिए।कसरत के बाद खट्टे फल, मिर्च-मसालेदार खाना और मिठाइयों आदि के सेवन से बचना चाहिए।इनकी बजाय दलिया, एक प्रोटीन शेक, ह्यूमस के साथ होल ग्रेन टॉर्टिलास, ग्रीक योगर्ट, सब्जियों से भरा सलाद और ग्रिल्ड चिकन खाया जा सकता है।यहां जानिए कसरत के बाद खाए जाने वाले अन्य खाद्य पदार्थ।

## फिल्म क्रू ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर भरी ऊंची उड़ान, पहले ही दिन कर डाली सॉलिड कमाई

एकता कपूर की फिल्म क्रू को लेकर पिछले काफी समय से दर्शकों के बीच उत्साह देखने को मिल रहा था। बीते शुक्रवार यानी 29 मार्च को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई।इस फिल्म में करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू पहली बार साथ नजर आ रही हैं और तीनों की शानदार जुगलबंदी उनके प्रशंसकों के साथ-साथ फिल्म समीक्षकों को भी खूब भा रही है। अब इस फिल्म के पहले दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म ने पहले दिन 8.75 करोड़ रुपये की शानदार कमाई के साथ अपना खाता खोला है। हालांकि, ये शुरुआती आंकड़े हैं और आधिकारिक आंकड़े सामने आने के बाद उनमें थोड़ा बहुत फेरबदल हो सकता है।इस फिल्म का बजट लगभग 50 करोड़ है। ट्रेड पंडितों की मानें तो वीकेंड यानी शनिवार और रविवार को फिल्म की कमाई में और उछाल देखने को मिल सकता है।

क्रू की कहानी 3 एयर होस्टेस गीता सेठी (तब्बू), जैस्मीन कोहली (करीना) और दिव्या राणा (कृति) के इर्द-गिर्द घूमती है।ये तीनों जिस एयरलाइंस में काम करती है, वो दिवालिया हो जाती है। तीनों को 6 महीने से सैलरी नहीं मिलती और फिर उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है। इसके बाद तीनों मजबूर होकर गलत काम में अपना हाथ आजमाने का फैसला करती है और यहीं से इस फिल्म की कहानी एक नया मोड़ लेती है। रणदीप हुड्डा की फिल्म फिल्म स्वातंर्त्य वीर सावरकर भी इन दिनों सिनेमाघरों में लगी है। वो बात अलग है कि फिल्म पहले ही दिन से टिकट खिड़की पर कछुए की चाल चल रही है।22 मार्च को रिलीज हुई यह फिल्म अब तक भारत में 11.35 करोड़ रुपये का कारोबार कर चुकी है। उधर कुणाल खेमू की फिल्म मडगांव एक्सप्रेस भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा पाई। इसने अब तक 14.4 करोड़ रुपये की कमाई की है।



## गर्मियों में गंभीर हो जाती है माइग्रेन की स्थिति, जानिए इसके कारण और बचाव



माइग्रेन एक अहसनीय सिरदर्द है, जिसमें सिर के दोनों ओर या एक तरफ रुक-रुककर भयानक दर्द होता है।दरअसल, माइग्रेन के समय दिमाग में खून का संचार बढ़ जाता है, जिस वजह से तेज दर्द होता है।इस बीमारी के कई कारक हो सकते हैं, लेकिन गर्मी का मौसम बीमारी को बहुत ज्यादा बढ़ाता है।आइए आज बढ़ते तापमान के दौरान माइग्रेन का दर्द बढ़ने के पीछे के कारण और बचाव के तरीकों के बारे में जानते हैं।

डिहाइड्रेशन

गर्मी के दौरान माइग्रेन के लिए पहले ट्रिगर में से एक डिहाइड्रेशन है।गर्मी के कारण पसीना अधिक आता है, जिससे शरीर में तरल पदार्थों की कमी हो जाती है।डिहाइड्रेशन से खून की मात्रा कम हो सकती है और इलेक्ट्रोलाइट्स के स्तर में परिवर्तन हो सकता है। ये दोनों माइग्रेन को ट्रिगर कर सकते हैं या स्थिति को बिगाड़ सकते हैं।यहां जानिए डिहाइड्रेशन से बचाने वाले घरेलू नुस्खे।

आर्द्रता में बढ़ोतरी

गर्मियों के दौरान बढ़ती आर्द्रता (नम हवा) का स्तर भी माइग्रेन के लक्षणों को बढ़ा सकता है।नम हवा के कारण शरीर के लिए तापमान को नियंत्रित करना अधिक कठिन हो जाता है, जिससे माइग्रेन के रोगियों की तकलीफ बढ़ सकती है।इसके अतिरिक्त इससे डिहाइड्रेशन भी हो सकता है और यह भी माइग्रेन रोगियों के लिए नुकसानदायक है।यहां जानिए सिरदर्द को दूर करने वाले पेय पदार्थ।

खराब वायु गुणवत्ता

प्रदूषण, परागकण और एलर्जी जैसे कारकों के कारण गर्मियों में वायु गुणवत्ता खराब हो सकती है।खराब वायु गुणवत्ता श्वसन प्रणाली को परेशान कर सकती है और सूजन पैदा कर सकती है, जिससे माइग्रेन का दौरा पड़ सकता है।बता दें कि वायु गुणवत्ता सूचकांक 201-300 स्तर को खराब और 301-400 तक को बहुत खराब माना जाता है।इस वातावरण स्थिति से माइग्रेन रोगियों को बचना चाहिए।


सूरज की रोशनी के संपर्क में आना

तेज धूप के संपर्क में आना कुछ माइग्रेन पीड़ितों को ट्रिगर कर सकता है।सूरज की रोशनी से आंखों पर दबाव पड़ सकता है, जिससे तनाव वाला सिरदर्द हो सकता है या अगर आपको पहले से माइग्रेन है तो आपका दर्द बढ़ सकता है।इसके अतिरिक्त गर्मियों में खराब दिनचर्या और गलत खान-पान भी माइग्रेन को ट्रिगर कर सकता है क्योंकि इससे तनाव सहित हार्मोनल बदलाव होता है।

गर्मियों में माइग्रेन के रोगी जरूर बरतें ये सावधानियां

माइग्रेन से ग्रस्त व्यक्तियों को रोजाना पर्याप्त मात्रा में स्वास्थ्यवर्धक तरल पदार्थों का सेवन करना चाहिए।इसके अलावा तेज धूप में जाने से बचें और अगर दोपहर में कहीं जाना बहुत जरूरी है तो अपने सिर को ढककर ही घर से बाहर निकलें।नियमित रूप से मेडिटेशन या फिर प्राणायाम का अभ्यास करें ताकि दिमाग को आराम मिले।साथ ही नींद की गुणवत्ता को प्राथमिकता देना माइग्रेन की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

## तृप्ति डिमरी का भूल भुलैया 3 से फर्स्ट लुक किया रिवील, बिंदी पहने दिखीं फिल्म की चुड़ैल



बॉलीवुड के चॉकलेटी एक्टर कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म भूल भुलैया 3 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं. हर हफ्ते इस फिल्म को लेकर नए- नए अपडेट्स सामने आते रहते हैं. इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ है. कार्तिक आर्यन ने फैंस को गुड न्यूज दी है. एक्टर ने बताया कि फिल्म के फर्स्ट शैड्यूल की शूटिंग पूरी हो चुकी है. कार्तिक आर्यन ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर भूल भुलैया 3 के सेट से एक तस्वीर शेयर की है. इस तस्वीर में कार्तिक आर्यन और एनिमल एक्ट्रेस तृप्ति क्लैप बोर्ड के पिछे खड़े नजर आ रहे हैं. तस्वीर में दोनों ही एक्टर्स की आधी- आधी शक्ल दिखाई दे रही हैं. बात करें इस तस्वीर में लीड एक्टर्स के लुक की तो कार्तिक अपने रूह बाबा वाले लुक में नजर आ रहे है. सिर पर कपड़ा बाधें, हाथों में माला और अंगूठी के साथ उन्होंने क्लैप बोर्ड को पकड़ा हुआ है. वहीं तृप्ति आखों मे काजल और माथे पर बिंदी लगाई हुए ग्लोविंग लुक में नजर आ रही हैं. तस्वीर के साथ एक्टर ने कैप्शन में लिखा है- टिंग टिंग टिंग टिडिंग टिंग टिंग.. हमने भूल भुलैया का फर्स्ट शैड्यूल को रैप अप कर दिया है. शेड्यूल के बीच का ये छोटा सा ब्रेक मुझे काफी एक्साइटेड कर रहा है. इसी के साथ एक्टर ने लिखा कि रूह बाबा कि टोपी में इस बार एक अलग जादू है. बता दें इस फिल्म का डायरेक्शन अनीस बज्मी कर रहे हैं. इस फिल्म को टी सीरीज प्रोड्यूस कर रही है.

## शब्द सामर्थ्य -013

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 3 | 4 | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | 8 | ■ | ■ | ■ | ■ | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | 16 | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 17 | | | |
| 18 | | 19 | ■ | 20 | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 012 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |



## मैं बहुत खुश हूं कि रजाकार में मेरे किरदार को इतनी सराहना मिल रही है: अभिनेत्री अनुश्री

तेलंगाना के सशस्त्र संघर्ष का इतिहास में एक विशेष स्थान है। सशस्त्र युद्ध के मैदान में कूदे लोगों का संघर्ष आज भी जीवित है। ऐसी कहानी को रजाकार के रूप में भावनात्मक तरीके से पेश करने की कोशिश को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। इस फिल्म में मेरे किरदार को मिली स्वीकृति से मुझे बहुत खुशी मिली है। अभिनेत्री अनुश्री. गुडुरु नारायण रेड्डी द्वारा निर्मित, रजाकर में बॉबी सिम्हा, मकरंद देश पांडे, अनुश्री, अनसूया, प्रेमा मुख्य भूमिका में हैं, और यता सत्यनारायण द्वारा निर्देशित है। शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। ऐसे में इसमें अहम भूमिका निभाने वाली अनुश्री ने फिल्म की खूबियां साझा कीं.

उन्होंने कहा फिल्म रजाकार को इतना सपोर्ट करने के लिए दर्शकों को धन्यवाद. रजाकार इसी धरती की कहानी है. फिल्म को मिले रिस्पॉन्स से मुझे काफी खुशी मिली है। फिल्म देखने के बाद दर्शक काफी इमोशनल हो रहे हैं. फिल्म देखते समय दर्शकों की आंखों में देशभक्ति नजर आई। जब मैंने सिनेमाघरों में वंदे मातरम और भारत माथकी जय के नारे लगते देखे, तो मुझे ऐसी फिल्म का हिस्सा बनकर खुशी हुई। मुझे इतनी अच्छी फिल्म में मौका देने के लिए निर्देशक यता सत्यनारायण और निर्माता गुडुरु नारायण रेड्डी को धन्यवाद। मैंने बैंगलोर में कॉलेज की पढ़ाई की। मैं वहां के थिएटर ग्रुप का भी सदस्य हूं. यहीं पर अभिनय में रुचि बढ़ी। मुझे अलग-अलग भूमिकाएं निभाना और उनमें डूब जाना पसंद था। कॉलेज पूरा करने के बाद मेरे पिता चाहते थे कि मैं सिविल की पढ़ाई करूँ। मैं लगभग तीन वर्षों से अध्ययन कर रहा हूं। लेकिन अभिनेत्री बनने की चाहत प्रबल थी. मैं उस सपने को पूरा करने के लिए हैदराबाद आया था। मैंने यहां थिएटर वर्कशॉप कीं। मैंने इस फिल्म में एक भूमिका के लिए निर्देशक से संपर्क किया। तब वह निज़ाम की पत्नी की भूमिका की तलाश में थे। उन्हें लगा कि मैं उस भूमिका के लिए उपयुक्त हूं. इसमें वह निज़ाम की पत्नी के रूप में नज़र आई। यह एक बहुत ही मजबूत लेकिन संवेदनशील किरदार है। वह पात्र जो निज़ाम को वास्तविक स्थिति से अवगत कराता है। जब कहानी सुनाई गई तो मेरी भूमिका चुनौतीपूर्ण लगी। साथ ही इसमें एकमात्र ग्लैमर रोल भी मेरा ही है। इतनी मजबूत कहानी और किरदार के साथ अपना करियर शुरू करना एक सपने के सच होने जैसा है। इस रोल के लिए मैंने तीन महीने तक मेथड ट्रेनिंग भी ली। मकरंद देश पांडे के साथ लुक टेस्ट के बाद मेरा चयन हो गया।



प्रियंका चहर चौधरी ने गोल्डन बॉडीकॉन ड्रेस पहन दिए पोज

## हे रसना तुम भार मती तोलों

हे रसना तुम निज मति बोलो
हृदय-विचार अंतर-पट खोलो
क्या तुमको भाता है जीवन
खाती रहती हों तुम निसदिन
मूक अबोध प्राणी की तरपन
व्यथित निरंकुश रसमय व्यंजन
करुण भावमय निजपट
खोलो......

**आचार्य पं. अभिषेक पाण्डेय**
**वाराणसी, उप्र।**



# सरोज पांडेय का राजनीतिक जीवन जन सेवा और लोक कल्याण के लिए रहा है समर्पित : जायसवाल

## महिला मोर्चा ने किया लाभार्थी बहनों का सम्मान,मनाया होली मिलन समारोह



**कोरिया बैकुंठपुर।** भाजपा कार्यालय बैकुंठपुर में महिला मोर्चा द्वारा लाभार्थी सम्मान और होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।आयोजन के दौरान महतारी वंदन योजना से लाभ प्राप्त बहनों का भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े,उपाध्यक्ष अनीता तिवारी,नपा अध्यक्ष नविता शिवहरे सहित भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल,भिलाई के पूर्व जिला उपाध्यक्ष और कोरबा लोकसभा कार्य निर्वहन हेतु कोरिया पधारे रामगोपाल शर्मा, उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे,मंडल अध्यक्ष कुबेर साहू द्वारा लाभार्थी बहनों को श्री फल भेंटकर सम्मान किया गया तत्पश्चात महिला मोर्चा के द्वारा रंग और गुलाल लगाकर होली मिलन कार्यक्रम मनाया गया है।

कार्यक्रम के दौरान महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े ने लाभार्थी बहनों को संबोधित करते हुए केंद्र की मोदी सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण,महतारी वंदन योजना,उज्जवला योजना,हर घर जल,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,हर घर शौचालय सहित तमाम योजनाओं पर जानकारी देते हुए बताया गया की केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की विष्णुदेव सरकार ने जिस तरह अकल्पनीय विकास कार्य और महिला सशक्तिकरण सहित कई जनहितकारी योजनाएं के माध्यम से हर देशवासी को कई स्तर पर मजबूती प्रदान की है उस सुशासन और समृद्ध भारत के विकास पथ पर मोदी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना है और फिर से मोदी सरकार लाना है और भाजपा के कमल निशान पर वोट कराना है। आयोजन में उपस्थित लाभार्थी बहनों को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने बताया की महतारी वंदन योजना की दूसरी किश्त 2 तारीख को साथ ही मोदी की गारंटी के तहत आप सभी बहनों को प्रत्येक महीने राशि निरंतर मिलती रहेगी। घरेलू गैस पर भी मोदी सरकार आप बहनों को बड़ी रियायत देकर आपकी रसोई से लेकर रोजगार तक की व्यवस्था निर्धारित की है जिसे प्रधानमंत्री मोदी अपने अगले कार्यकाल में सौगात के तौर पर आपको देंगे। जिला अध्यक्ष ने लाभार्थी बहनों को संबोधित करते हुए बताया की कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडेय का अब तक का राजनीतिक जीवन लोक कल्याण और जन सेवा के लिए समर्पित रहा है। जिला अध्यक्ष ने बताया की कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी के रूप में सरोज पांडेय का हमारे बीच में आना हम सबके लिए सौभाग्य की बात है।आप सब महिला शक्ति को मिलकर सरोज दीदी को वोट देना है और दिलाना है ताकि हमारे बीच सरोज दीदी जैसी कर्मठ नेता हमारे क्षेत्र का सफल नेतृत्व करके क्षेत्र का तेजी से विकास कर सकें साथ ही मोदी की गारंटी और विकसित भारत का सपना साकार हो सके। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल,भिलाई के पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम गोपाल शर्मा,जिला उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे,मंडल अध्यक्ष कुबेर साहू,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े,जिला उपाध्यक्ष अनीता तिवारी,महामंत्री संगीता गुप्ता,जिला पंचायत सदस्य सुनीता कुर्रे,चुन्नी पैकरा,पार्षद ममता गोयल,मंडल अध्यक्ष रीता यादव सहित सैकड़ों की संख्या में लाभार्थी बहने और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पीड़िता से मिलने अस्पताल पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल

**बैकुंठपुर।** स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल रेप पीड़िता से मुलाकात करने रविवार को अस्पताल पहुंचे। उन्होंने पीड़ित युवती से बातचीत कर ढांढस बंधाया तथा उसके जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की। बता दें कि दरअसल 20 अक्टूबर 2023 को ग्राम गनपतपुर के ठिहाईपारा जंगल में 19 युवती के साथ दुष्कर्म हुआ था। इस दौरान हुई झुमा-झटकी में युवती 11 हजार वोल्ट के करंट के तार की चपेट में आ गई थी और गंभीर रूप से झुलस गई। उसे इसी हालत में छोड़कर दोनों आरोपी युवक फरार हो गये। कुछ समय बाद जंगल में कुछ लोगों ने युवती को अचेत अवस्था में देखा और घटना की सूचना पुलिस को दी और युवती को बैकुंठपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के जरिए 22 लाख रुपए राशि स्वीकृत कर पीड़िता का इलाज काराया गया। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने मामले की जानकारी होते ही मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के माध्यम से 2 किश्त में लगभग 22 लाख रू. राशि उपचार के लिये स्वीकृत कराया। वही रविवार को पीड़िता युवती का हाल जानने खुद अस्पताल पहुंचे औंर युवती से बातचीत कर उसे ढांढस बंधाया। साथ ही उसके जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की।

## धारदार हथियार लहराते आरोपी को पुलिस ने पकड़ा



**कोरिया।** पुलिस अधीक्षक कोरिया द्वारा जिला कोरिया अंतर्गत अपराधो में कमी लाने हेतु युद्धस्तर पर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिसके फलस्वरूप 30 मार्च को प्र.आ. बृजेश सिंह हमराह स्टॉफ आ. उज्जैनपुरी गोस्वामी, आ. अमल कुजूर के साथ थाना क्षेत्र पेट्रोलिंग, जुआ, सट्टा, शराब की कार्यवाही हेतु देहात रवाना हुए थे। जैसे ही वह ग्राम पूटा पहुंचे तो मुखबीर से सूचना मिली कि पूटा बाजार के पास एक व्यक्ति लोहे का धारधार गड़ासा लेकर लहरा रहा है, जिससे आमजन काफी भयभीत है।

सहायता केंद्र कटकोना थाना पटना की टीम मौके पर पूटा बाजार के पास पहुंची, जहां पर सत्यम गुप्ता आ. ताराचंद गुप्ता उम्र 25 वर्ष निवासी पूटा, गणेशपुर थाना पटना जिला कोरिया नामक व्यक्ति अपने हाथ में धारधार लोहे की गडासा लेकर लहरा रहा था। जिसे पुलिस टीम द्वारा पकड़कर हथियार को अपने कब्जे में लेकर उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना पटना में धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को हिरासत में लिया गया है एवं उसे न्यायिक रिमांड पर जिला जेल बैकुंठपुर दाखिल किया गया है। कोरिया पुलिस की सक्रियता से गंभीर अप्रिय घटना होने से टल गई।

इसके पूर्व भी आरोपी के विरुद्ध थाना पटना में 01 मारपीट का, 01 घर में घुस कर छेड़छाड़ करने का एवं 01 मामला सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर उपद्रव करने के कुल 03 मामले दर्ज हैं, जो प्रकरण माननीय न्यायालय में पेश है तथा विचाराधीन है। इसके अतिरिक्त 02 बार उक्त आरोपी के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा चुकी है। कोरिया पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों पर सतत निगाह रखकर सघन कार्यवाहियां की जा रही है।

## हादसों को रोकने के लिए भूमिगत किये गए केबल



**रायपुर।** राजधानी रायपुर की मालवीय रोड प्रदेश की पहली ऐसी सड़क बन गई है जहां अब सड़क के ऊपर झूलते तार दिखाए नही देगे। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने जयस्तंभ चौक से सिटी कोतवाली तक अंडरग्राउंड केबलिंग का काम पूरा कर लिया है।

शहर को सुदंर बनाने और सड़को को तारों के मकड़जाल मुक्त करने के लिए अंडरग्राउंड केबलिंग करने की शुरूआत की गई थी। पहले फेज का काम पूरा हो गया है। मालवीय रोड़ में लगे बिजली के खुले तारों को पुरी तरह से हटा दिया गया है। साथ ही पुरानी स्ट्रीट लाइटों को डिस्मेंटल कर नई स्ट्रीट भी लाईट जा रही है।

रविवार को नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने स्ट्रीट लाइट लगाने के काम निरिक्षण कर कहा कि अंडरग्राउंड केबलिंग से मालवीय रोड़ के साथ शहर की सुंदरता बढ़ेगी। और जल्द ही शहर के बाकि सभी अंडर ग्राउंड केबलिंग का काम पूरा किया जाएगा।अंडर ग्राउंड केबलिंग से शहर के सुंदरता के साथ ही आगजनी की धटना होने पर फायर फाइटिंग में दिक्कत नहीं होगी। साथ ही हुकिंग और बिजली चोरी पर नियंत्रण होगा। वही पानी से या तेज हवा से तार नही टूटेगा।

**व्यापारियों का मिला सहयोंग**

निगम कमिश्नर ने बताया कि अंडर ग्राउंड केबलिंग के काम के दौरान काफी दिक्कते हुई लेकिन इस पुरे काम में व्यापारियों और आम जानता का भी भरपूर सहयोग मिला। अबिनाश मिश्रा ने निरीक्षण के दौरान ने कहा कि मालवीय रोड शहर भर में सबसे आकर्षित एवं भव्य होगा। स्मार्ट सिटी ने सबसे पहले जय स्तंभ चौक से कोतवाली तक अंडर ग्राउंड केबल का काम पुरा किया है। उसके बाद महिला थाने से बूढ़ापारा बिजली ऑफिस और कोतवाली से सदर बाजार तक बिजली की तारों को अंडरग्राउंड किया जाना है। सड़कों पर अंडर ग्राउंड केबल बिछा दिया है। सड़क किनारे डक्ट लगाया गया है ।

## विशाल शोभायात्रा व धर्म सभा का आयोजन

**बिश्रामपुर।** हिंदू नव वर्ष के अवसर पर विशाल शोभायात्रा व धर्म सभा का आयोजन आगामी 9 अप्रैल मंगलवार को होगा। शनिवार को आयोजन की तैयारियों के संबंध में हिंदू संगठनों की बैठक बस स्टैंड विश्रामपुर स्थित संकट मोचन दरबार में हुई। गौ रक्षा व रूद्र सेना के सदस्यों ने बताया कि शोभायात्रा के लिए अयप्पा ग्राउंड में प्रात:11 बजे एकत्रीकरण का समय निर्धारित किया गया है। यहां राम दरबार में पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा निकलेगीजो नगर भ्रमण के बाद सूरजपुर रवाना होगी। इसके पूर्व अयप्पा ग्राउंड में अतिथियों का उद्बोधन होगा। सूरजपुर बस स्टैंड पहुंचने से शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत होगा। बस स्टैंड सूरजपुर में धर्मसभा के आयोजन प्रसाद बंटेगा।

## पैदल जा रहे युवक को कार ने रौंदा

**रायपुर।** रिंग रोड 1 स्थित होटल 38 केस्टट्रल के सामने अज्ञात कार ने पैदल जा रहे युवक को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### लोकसभा चुनाव संपन्न होने तक पुलिस करेगी कार्रवाई

# तीन हजार वाहन चालकों ने नियम तोड़ा, पुलिस ने एक लाख की वसूली पेनाल्टी





**सूरजपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव, सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने, दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से सूरजपुर पुलिस के द्वारा वाहन चेकिंग का सघन अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के इस अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वालों तथा यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जा रही है।

उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) के निर्देशन में लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है और वाहनों की सघन चेकिंग अभियान निरन्तर जारी है। जिले के थाना चौकी व यातायात पुलिस ने एएसपी संतोष महतो के मार्गदर्शन में पूरे जिले के नाकाबंदी प्वाईट व शहर के विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चला रहे है। इस दौरान पुलिस ने दो पहिया और चार पहिया वाहनों की चेकिंग करते हुए चालकों को यातायात के नियमों का पालन करने की हिदायत दी। पुलिस ने सड़को पर दर्जनों वाहनों की चेकिंग की और जांच में वाहनों से कुछ आपतिजनक सामान नहीं पाए जाने पर मौके से उन्हें जाने दिया गया। विगत 1 से 30 मार्च 2024 तक जिले के थाना-चौकी की पुलिस संघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर 3148 वाहन चालक जो बिना हेलमेट, बिना लायसेंस, बिना सीटबेल्ड, दो पहिया वाहन में तीन सवारी व बिना दस्तावेज एवं यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् कार्यवाही कर 10 लाख 5 हजार 2 सौ रूपये का समन शूल्क अर्जित कर शासन के कोष में जमा किया। वाहन चेकिंग के दौरान यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय के द्वारा लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाईश भी दिया जा रहा है। चुनाव को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस ने असामाजिक तत्वों के ऊपर नकेल कसने को लेकर सघन रूप से वाहन चेकिंग अभियान जिले में चलाया जा रहा है जो निरन्तर जारी रहेगा।

## युवक पर हथौड़ी से हमला

**रायपुर।** हाईटेक पार्किंग डुमरतराई के पास एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर हथौड़ी से सीर पर मारकर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अलीम खान 28 वर्ष हाईटेक पार्किंग डुमरतराई का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी अर्पित शर्मा 24 वर्ष ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर प्रार्थी के सीर पर हथौड़ी से मारकर चोट पहुंचाया। जिससे प्रार्थी गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 307 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## बकरा चोर के खिलाफ जुर्म दर्ज

**रायपुर।** ग्राम नवागांव खार के पास दो युवकों ने एक महिला का बकरा चोरी कर बेच दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सुनीता यादव 30 वर्ष कृष्णा चौक खरोरा की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया बकरी चराने का कार्य करती थी। बताया जाता है कि आरोपी प्रिंस यादव व पीलू ने प्रार्थिया के 1 नक बकरा को चोरी कर 10 हजार रुपए में बेच दिया और बकरी चरवाहा नरेन्द्र को जान से मारने की धमकी दिया। जिससे प्रार्थिया की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 381, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## दुकान से नकदी सहित हजारों रुपए के सामान पार

**रायपुर।** ग्राम खौना तिगड्डा चौक के पास मोबाइल दुकान के रोशन दान से अंदर प्रवेश कर दो युवकों ने 10 नग मोबाइल और नकदी 10 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी धनेश राय 21 वर्ष देवगांव खरोरा का रहने वाला है। प्रार्थी ग्राम खौना के तिगड्डा चौक के पास मोबाइल दुकान चलाता है। बताया जाता है कि 17 अक्टूबर को आरोपी चंद्रशेखर धृतलहरे व सुनील धृतलहरे नरे प्रार्थी के मोबाइल दुकान में रोशन दान से प्रवेश किया और 10 नग मोबाइल व नकदी 10 हजार रुपए पार कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## रिसेप्शन पार्टी से जेवर पार

**रायपुर।** आमोर पार्क तेलीबांधा में आयोजित रिसेप्शन पार्टी से अज्ञात चोर ने 2 नग सोने का अंगुठी, 3 नग चांदी का पायल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी उत्कर्ष मिश्रा 25 वर्ष कचना खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी के यहां आमारे पार्क तेलीबांधा में शादी रिसेप्शन पार्टी चल रहा था। जहां अज्ञात चोर ने स्टेज पर मिले उपहार में से 2 सोने की अंगुठी और 3 चांदी का पायल पार कर दिया।

# कोयला चोरी के मामले बढ़े, डिपो पर कार्रवाई





**अंबिकापुर।** पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने बटवाही और सिलसिला गांव में संचालित 6 कोल डिपो में 29 और 30 मार्च को दो दिनों तक छापेमार कार्रवाई की। जांच में कोल डिपो में निर्धारित मापदंड और भंडारण में अनियमितता पाई गई। कोल स्टॉक का रजिस्टर भी मौके पर नहीं मिला। खनिज विभाग ने संचालकों को नोटिस जारी किया है।

जांच के लिए खनिज अधिकारी, पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना और चौकी के करीब 50 पुलिस स्टॉफ की 6 अलग-अलग टीम बनाई गई थी। हरिओम ट्रेडिंग कंपनी बटवाही, जय दुर्गा मल्टीट्रेड प्राइवेट लिमिटेड बटवाही, हिन्द यूनिट्रेड प्राइवेट लिमिटेड बटवाही, मेसर्स मारूति मिनरल्स बटवाही और मेसर्स भारत एनर्जी कोल डिपो सिलसिला की जांच की। इन काले डिपो में ऑनलाइन दर्शित मात्रा के अनुसार भौतिक सत्यापन भी किया गया। संयुक्त टीम की जांच में निर्धारित मापदंड और भंडारण में अनियमितता पाई गई। इसके अलावा वाहनों के ट्रांजिट पास, पर्चियों, रजिस्टरों, मशीनरी और गुणवत्ता का भी सत्यापन किया गया। इस दौरान कोल डिपो संचालकों को ऑनलाइन स्टॉक समेत मशीनरी का रखरखाव सही रखने की हिदायत दी गई। एडिशनल एसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि जांच के बाद सभी कोल डिपो के संचालक को खनिज विभाग ने नोटिस जारी किया है। सभी के खिलाफ खनिज विभाग माइनिंग एक्ट के तहत कार्रवाई कर रही है। सरगुजा में लंबे समय से लिंकेज का कोयला कोल डिपो में खपाया जा रहा है। कुछ कोल डिपो संचालक बाहर की कंपनियों को एलॉट कोयले का डीओ खरीदकर उठाते हैं। डिपो के माध्यम से कोयला दूसरी कंपनियों को बेच दिया जाता है। कुछ कोल डिपो में अवैध कोयला भी खपाया जाता है। जांच में 4 कोल डिपो में स्टॉक की ज्यादा गड़बड़ी मिली है, जिसकी जांच की जा रही है।

## छत्तीसगढ़ में कोरोना के 11 नए मरीज मिले

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में शनिवार को कोरोना के 11 नए मरीज मिले हैं। दुर्ग में 10, और बालोद में 1 मरीज की पहचान हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने कुल 241 लोगों की जांच की थी। वर्तमान में प्रदेश में 14 एक्टिव केस हैं। हेल्थ डिपार्टमेंट के मुताबिक प्रदेश में कोरोना संक्रमण की पॉजिटिविटी दर 4.56त्न है। दरअसल, प्रदेश में कोरना की रफ्तार थम गई थी लेकिन 28 मार्च के बाद कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ते दिख रहे है । दुर्ग और बालोद के अलावा रायपुर में 2 और धमतरी में 1 कोरोना संक्रमण के एक्टिव केस हैं। स्वास्थ्य विभाग ने खांसी बुखार या कोरोना से संबंधित कुछ लक्षण नजर आने पर जांच की अपील भी की है। लोग अपने नजदीकी जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाकर जांच करवा सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी हेल्थ सेंटर में कोरोना संक्रमण की जांच की व्यवस्था की गई है।

# राजधानी में आधी रात आंधी-तूफान के साथ हुई बारिश

**रायपुर।** होली के बाद मौसम के मिजाज में अचानक आए बदलाव और तेज गर्मी के बीच शनिवार रात को अचानक मौसम बदल गया। रात 1 बजे के आसपास तेज आंधी-तूफान और भयंकर गरज-चमक के साथ तेज बौछारें पड़ी। यह क्रम करीब एक घंटे तक जारी रहा।

इससे न्यूनतम तापमान में आंशिक कमी दर्ज की गई। वहीं रविवार सुबह निकली चटख धूप से मौसम उमस से भर गया है। मौसम विभाग की माने तो छत्तीसगढ़ में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलता हुए नजर आ रहा है। प्रदेश के कई क्षेत्रों में अंधड़ चलने के साथ बारिश और बिजली गिरने की संभावना बनी हुई है। प्रदेश में गर्मी से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। रायपुर का अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसके अलावा राजनांदगांव ज्यादा गर्म वाला जिला रहा है। यहां पर अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

आने वाले दिनों में मौसम के बदलने के आसार हैं। प्रदेश के कुछ स्थानों में 24 घंटों में अंधड़ और बारिश के आसार हैं। अगले तीन दिनों तक मौसम में विशेष परिवर्तन नहीं होगा। तापमान में कमी आने की सम्भावना है। वहीँ तेज धूप के साथ ही लगातार तापमान में वृद्धि हो रही है। अगले दो दिनों तक मौसम के ऐसे ही रहने की संभावना है। प्रदेश में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। डोंगरगढ़ सबसे गर्म स्थान रहा है, जिसका तापमान 41.9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। राजनांदगांव, रायपुर का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं बिलासपुर में 38.8, पेण्ड्रारोड में 38.2, अंबिकापुर में 37.9, जगदलपुर में 39.1 और दुर्ग में 38.8 डिग्री सेल्सियस रहा। पिछली रात राजधानी रायपुर का न्यूनतम तापमान 26.3 डिग्री सेल्सियस था। यहां अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से 3-3 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

## बंजारी मंदिर में धारदार हथियार लहराकर लोगों को डरा रहा बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई थानाक्षेत्र के बंजारी मंदिर परिसर में धारदार हथियार लहराकर लोगों को डराने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है,तथा उसके पास से हथियार जब्त किया है। खमतराई पुलिस को सूचना मिली कि बंजारी मंदिर परिसर रावांभाठा में एक व्यक्ति लोहे का खुखरीनुमा धारदार चाकू लहराकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका हा है। जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए खमतराई पुलिस ने मौके पर जाकर आरोपी सुखदेव यादव पिता लाला यादव उम्र 34 वर्ष निवासी आरटीओ कार्यालय के सामने रावांभाठा को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से अवैध रूप से रखा जप्त किया है।

# डीसी के चेम्बर में आगजनी से एसी सहित कुछ सामान जला

## ऑफिस खुलने के साथ ही एसी में हुआ शार्ट सर्किट

-स्थानीय संवाददाता-

**कोरबा।** गर्मी का मौसम एक तो वैसे ही लोगों के लिए परेशानी का कारण होता है। ऐसे में आगजनी की घटनाएं सिरदर्द बढ़ा रही है। इस सप्ताह के पहले कार्यदिवस को जिला प्रशासनिक कार्यालय में एक डिप्टी कलेक्टर के कार्यालय में तब आगजनी हो गई जब उसे खोला ही गया था। चेयर सहित कुछ सामान आगजनी में जला है। कुछ देर बाद अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर नियंत्रण किया।

आज सुबह जिला कार्यालय परिसर स्थित डिप्टी कलेक्टर विकास चौधरी के चेम्बर में आगजनी हो गई। वहां पर लगे एयर कंडीशनर में शार्ट सर्किट होने से यह



स्थिति निर्मित हुई। घटना उस वक्त हुई जब कर्मचारी ने पहुंचकर अधिकारी का चेम्बर खोला। बताया गया कि ठीक उसी समय एसी के केबल में स्पार्किंग हुई और फिर झटके के साथ आग लग गई। इस नजारे से फौचक कर्मचारी ने बचाव के लिए आवाज लगाई। इस समय तक परिसर के और भी कार्यालय खुल रहे थे जिनके कर्मचारी हरकत में आए। कार्यालय से अग्निशमन विभाग को अवगत कराया गया। दावे के तहत कुछ ही तहत यहां सायरन बजाते हुए दमकल की टीम पहुंची। स्थिति का जायजा लेने के साथ उसने डिप्टी कलेक्टर के चेंबर में लगी आग पर काबू किया। हालांकि इससे पहले वहां रखा काफी सामान आग की चपेट में आने के साथ जल गया। यह बात अलग है कि जिले के प्रमुख प्रशासनिक कार्यालय की महत्ता को समझते हुए यहां अलग-अलग स्तर पर फायर एक्स्टीविसर लगाए गए हैं लेकिन उनकी क्षमता सीमित है। वैसे भी आगजनी की स्थिति में कम ही स्थान पर साहस के साथ इनका उपयोग लोग कर पाते हैं।

### *सभी फाइल सुरक्षित*

*कार्यालय खोलने के 5 मिनट बाद एयर कंडीशनर से धुआं निकलते देखा गया। इसके साथ ही आवश्यक सतर्कता बरती गई। यहां पर रखी दो फाइल निकाल ली गई। घटना में केवल चेयर और एसी ही जला है।*

*- विकास चौधरी, डिप्टी कलेक्टर*

## हिंदू नववर्ष के लिए बैठक कल

**कोरबा।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिंदू नववर्ष पर नगर में भव्य कार्यक्रम होने जा रहा है। आयोजकों ने इसे हिंदुत्व की गूंज नाम दिया है। कार्यक्रम को भव्यता और सफलता देने के लिए प्रयास जारी है। स्थानीय स्तर पर वृहद तैयारी की जा रही है। आयोजकों ने बताया कि इसी सिलसिले में 2 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे राम-जानकी मंदिर परिसर बुधवारी बाजार में बैठक रखी गई है। विभिन्न हिंदू संगठनों के अलावा सामाजिक व व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों को भी इस बैठक में आमंत्रित किया गया है। उनकी उपस्थिति में पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा होगी। अब तक की हुई तैयारी की जानकारी देने के साथ 9 अप्रैल तक होने वाले तैयारियों पर भी विचार विमर्श होगा।

## शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में नववर्ष की तैयारी



**कोरबा।** अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने के बाद इस बार की रामनवमी और हिंदू नववर्ष मनाने को लेकर हर कहीं उत्साह है। 9 अप्रैल से नववर्ष की शुरुआत हो रही है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अभी से भगवा ध्वज लगाए जा रहे हैं। अनेक स्थानों पर कई बड़े आयोजन करने की रूपरेखा बनाई गई है। अनेक संगठनों ने इसका दायित्व लिया हुआ है। कोरबा के मुख्य मार्गों पर सजावट का काम निरंतर जारी है। जानकारी में बतया गया कि उपनगरों के साथ-साथ कस्बे और ग्रामीण अंचल में लोगों को हिंदू नववर्ष धूमधाम से मनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कोशिश यही है कि लोग स्वस्फूर्त इस परंपरागत आयोजन से जुड़े और नववर्ष के साथ-साथ रामनवमी पर्व को पूरी भव्यता के साथ संपादित करें।

## तीन दशक बाद पुलिस ने फरार आरोपी को पकड़कर भेजा जेल



**कोरबा।** विभिन्न थाना और चौकी क्षेत्र में पुलिस ने दो दिन के भीतर 143 मामलों में वारंटियों को पकड़ा। इनमें 50 स्थाई और 93 गिरफ्तारी वारंट तामिल किए गए। बालकोनगर पुलिस ने इस कड़ी में दो ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया है जो पिछले तीन दशक से फरार चल रहे थे।

कटघोरा पुलिस ने अभियान के अंतर्गत 5 स्थायी और 10 सामान्य मामलों में वारंट पर कार्रवाई की और संबंधितों को कब्जे में लिया। कटघोरा टीआई धर्मनारायण तिवारी ने जिले में सर्वाधिक वारंटों को तामिल करने के साथ ही संगीन मामले जिनमें क्रमशः मदनपुर के बलवा के 10 वर्ष पूर्व प्रकरण में फरार आरोपी संपूरन सिंह, 11 वर्ष पूर्व चोरी के मामले में बड़ेबांका शिवकुमार तथा पूछापारा के 10 वर्ष पूर्व पास्को एक्ट के मामले में गोपाल दास महंत को न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किये जाने पर तत्काल प्रभाव से जेल भेज दिया गया है। उधर रजगामार पुलिस ने 279, 337 आईपीसी के मामले में तीन स्थायी वारंटियों सुरेश तिर्की, संतोष कुमार और गुरुवार सिंह को पकड़ा।

कोतवाली, बालकोनगर, दीपका, उरगा, बांगो सहित अन्य थाना और चौकी पुलिस ने भी अभियान पर काम करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों को गिरफ्तार किया। बताया गया कि गंभीर धाराओं में नामजद आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। जबकि जमानती प्रकरणों में संबंधितों को राहत देने की व्यवस्था है।

### उरगा टीआई ने मातहतों को किया रिचार्ज

**कोरबा।** उरगा टीआई ए.के. वर्मा ने अपने थाना स्तर के पुलिस कर्मियों की क्राइम मीटिंग लेकर बीटवार सभी के कार्यों का आंकलन करते हुए उनके जिम्मे नए कार्यों की जवाबदेही सौंपा। इसके अलावा टीआई श्री वर्मा ने मातहतों को वारंट तामिली के अलावा कसावट लाते हुए नए अपराधों पर रोकथाम करने निर्देशित किया

## भाजपा की नुक्कड़ सभा

**कोरबा।** बांकी मोंगरा मंडल के तीन अलग-अलग स्थानों पर नुक्कड़ सभा आयोजित की गई है। इस नुक्कड़ सभा में प्रदेश के मंत्री लखन लाल देवांगन मौजूद रहेंगे। विकास नगर प्रेमनगर व बल्गी में आयोजित नुक्कड़ सभा को सफल बनाने के लिए सुनीता पाटले, मुकुल कर्ष, हनुमान पाण्डेय, श्री मिश्रा, लखन राठौर सहित अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा तैयारी की जा रही है। कल भी कांशी नगर व पथर्री पारा व सुभाष ब्लाक कालोनी में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस नुक्कड़ सभा को लखन देवांगन ने संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान सरजू अजय, सुमन सोनी, रमामिरी, सुशील गर्ग, सुभाष राठौर, अजय विश्वकर्मा, दिनेश वैष्णव सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विधायक पटेल लेंगे बैठक

कोरबा। लोकसभा चुनाव को देखतेहुए भाजपा के द्वारा सभी चारो विधान सभा क्षेत्रों में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। कटघोरा विधानसभा क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रम के लिए आज दीपका में बैइक आयोजित की गई है। इस बैठक में विधायक प्रेमचंद्र पटेल, ज्योति नंद दुबे, सूर्यप्रकाश शर्मा, हरीश थरवानीय, धन्नू दुबे, लक्ष्मीकांत जगत, विनोद उपस्थित रहेगें। रामपुर विधानसभा क्षेत्र का कार्यकर्ता सम्मेलन 5 अप्रैल को रजगामार में आयोजित है। जिसके लिए आकाश सक्सेना लक्ष्मी श्रीवास सुमित वर्मा अभिलाषा वर्मा धनजंय चौहान, प्रकाश यादव, कमलेश अनंत, दिनेश तिवारी, प्रवीण उपाध्याय के तैयारी की जा रही है।

## तपिश तेज, दूसरी पाली की कक्षाएं भी लगेंगी सुबह से

### टीचर्स एसोसिएशन की पहल पर होगा संशोधन

**कोरबा।** शिक्षा सत्र 2024-25 के अंतर्गत विद्यालयों में सुबह की पाली की कक्षाएं 7.30 से 11.30 तक लगाने का आदेश जारी हुआ है। जबकि दूसरी पाली के मामले में समय सारिणी से सभी को समस्या है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने इस बारे में प्रशासन के अधिकारी सहित जिला शिक्षा अधिकारी से बात की और व्यवहारिक परेशानी बताई। आश्वस्त किया गया कि गर्मी को देखते हुए जल्द ही संशोधित आदेश जारी किया जाएगा।

एक अप्रैल से सरकारी और निजी स्कूलों में कक्षाएं शुरू हो गई हैं। गर्मी की स्थिति को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था बनाई गई है कि अगले आदेश तक चार घंटे के लिए कक्षाएं संचालित होंगीं। इसका समय 7.30 से 11.30 बजे तक का होगा, जबक दूसरी पाली के लिए 11.30 से 4.30 का समय अधिसूचित किया गया है। ऐसे में 40 डिग्री के पार हो चुके तापमान से शिक्षकों सहित बच्चों



और उनके परिजनों को दिक्कत होना स्वाभाविक है। कोरबा में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के द्वारा यह विषय अधिकारियों की जानकारी में लाया गया और व्यापक हित में संशोधन करने की मांग की गई। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मनोज चौबे ने बताया कि विषय को गंभीरता से लिया गया है। कहा गया है कि दूसरी पाली में लगने वाले सभी स्कूलों और वहां की कक्षाओं का समय भी सुबह 7.30 से तय किया जाएगा। जल्द ही इसके आदेश प्रसारित किये जाएंगे। इस तरह की व्यवस्था होने से गर्मी के मौसम में सभी को राहत होगी।

## एनएफआईआर के उपाध्यक्ष मूर्ति दिवंगत, दी श्रद्धांजलि



**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के महामंत्री और नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेल्वे के उपाध्यक्ष के.एस.मूर्ति का बीमारी के बाद निधन हो गया। स्थानीय रेल कर्मचारियों ने सभा रखने के साथ उन्हें श्रद्धांजलि दी। कर्मचारी हित में किये गए उनके प्रयासों को याद किया गया।

मूर्ति ने काफी समय तक रेल कर्मियों के हितों को लेकर संघर्ष किया और सफलता दिलाई। विशाखापट्टनम में उनका निधन उपरांत अंतिम संस्कार किया गया। मजदूर कांग्रेस ने कहा कि मूर्ति के निधन से उसने एक अच्छा नेता और व्यक्तित्व खो दिया जो कर्मचारी हित के लिए सदैव समर्पित रहा। इसकी भरपाई करनी मुश्किल होगी। 12 नवंबर 1939 को जन्मे मूर्ति ने रेलवे से संबंधित कई मसलों पर रणनीतिक आंदोलन को तेज किया और कर्मियों का पुरजोर पक्ष रखा। कोरबा में कर्मचारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। एसईसीआरएमसी के प्रति टी.प्रकाश राव, डी.के.राय, आनंद गुप्ता, नरेश त्रिवेदी, एन.पी.यादव, एस.सिदार, धरमवीर सिंह, नवल मिश्रा, किशन कुमार, पंकज गुप्ता, अशोक पटेल, एम.के.सिंह, बी.डी.दास, अविनाश, शुभम, सुरेश सिंह, सौरभ, नीलकंठ, अशोक तिवारी, सुधीर बंजारे, जे.पी. मरकाम उपस्थित थे।

## हाइपर टेंशन और अन्य विषयों पर महिलाओं को किया जागरूक




**कोरबा।** शिप्रा सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन ने जिले में स्वास्थ्य पखवाड़ा का आयोजन किया। इस दौरान हाइपरटेंशन यानी बी.पी, महावारी स्वास्थ्य प्रबंधन पर निशुल्क परामर्श, सेनेटरी पैड वितरण एवं बी.पी जांच की गई। बी.पी जागरूकता के अंतर्गत लोगों को जानकारी दी गई। बी.पी जांच कर स्वास्थ्य कर्मी द्वारा खान पान के विषय में भी बताया गया। महिलाओं और किशोरियों को महावारी स्वस्थ से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। अभियान के माध्यम से शिप्रा सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन ने समाज में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया व महिलाओं और किशोरियों की स्वास्थ्य शरीर पर समझ बनाई। इन सभी कार्यक्रमों से कुल 885 से अधिक महिला, पुरुष व किशोरियाँ लाभान्वित हुई। वॉलंटियर के रूप में नेहा कर्ष, प्रभजोत कौर एवं स्वास्थ्य कर्मी कविता राठौर ने अपना योगदान दिया।

## धरमजयगढ़ से अचानक पहुंचे हाथियों ने दो गांवों में रौंदी फसल

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज में पड़ोसी धरमजयगढ़ वनमंडल से अचानक पहुंचे हाथियों ने बीती रात रेंज के गीतकुंवारी व श्यांग नामक गांव में 9 ग्रामीणों की धान की फसल को रौंद दिया। जिससे संबंधितों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

जानकारी के अनुसार तीन हाथियों ने बीती रात कुदमुरा वन परिक्षेत्र की सीमा में प्रवेश किया और दो अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर उत्पात मचाते हुए 9 ग्रामीणों के खेतों में लहलहा रहे धान की रबी फसल को रौंद दिया। जानकारी के अनुसार गीतकुंवारी



में पहुंचकर एक हाथी ने चार ग्रामीणों की फसल को नुकसान पहुंचाया वहीं श्यांग में पहुंचे दो हाथियों ने पांच ग्रामीणों की फसल को क्षतिग्रस्त कर दिया है। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी आज सुबह मौके पर पहुंचे और नुकसानी का आंकलन करने के साथ ही रिपोर्ट तैयार की। वहीं आसपास के गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि क्षेत्र में एक बार फिर हाथियों की दस्तक हो गई है अतः वे इनसे दूरी बनाए रखें। उधर कटघोरा वनमंडल अंतर्गत केंदई रेंज के कापानवापारा व जातामाटी गांव में 31 हाथियों को दल अभी भी मौजूद है। हाथियों के इस दल ने अभी कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है फिर भी वन विभाग सतर्कता बरतते हुए हाथियों की लगातार निगरानी में जुटा हुआ है।

## पितली नदी पर पुल बनाने राशि उपलब्ध, अनुमति के लिए हुई पहल

कोरबा। कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत हरदीबाजार के आसपास के 12 से अधिक गांवों को बारहमासी सड़क संपर्क सुविधा दिलाने के लिए पितली नदी पर पुल बनाने की जरूरत महसूस की जा रही है। बीते वर्षों में काम शुरू भी हो गया था लेकिन पीएमजीएसवाय की आपत्ति से बैक लग गया। एक बार फिर स्थानीय विधायक प्रेमचंद पटेल ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव इस बारे में लाया। उन्होंने अब पुल निर्माण के लिए अनुमति के संबंध में पीडब्ल्यूडी के ईई को पत्र भेजा है।

विधायक ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के लिए तीन करोड़ की राशि उपलब्ध है। अग्रिम अनुमति लेना बाकी है, इसके लिए प्रक्रियाएं कर रहे हैं। इस वर्ष यह काम केवल इसलिए नहीं हो सका क्योंकि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता प्रभावशील हो गई। इसलिए प्रभावित क्षेत्र की जनता को एक वर्ष और प्रतीक्षा करनी पड़ेगी।

जानकारी मिली है कि वर्ष 2018 में इस मामले को लेकर प्रयास किये गए थे और पुल निर्माण का रास्ता साफ हो गया था। समस्या यह हुई कि तंत्र की गलती से पीडब्ल्यूडी और पीएमजीएसवाय के द्वारा अलग-अलग टेंडर जारी कर दिए गए। पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार ने काम शुरू भी कर दिया। बाद में पीएमजीएसवाय की ओर से यह कहकर आपत्ति लगा दी गई कि काम हम करेंगे। बस इसी के साथ काम रूक गया और प्रोजेक्ट थम गया। विधायक पटेल ने बताया कि क्षेत्र की जनता की सुविधा के लिए कोशिशें चल रही है। लक्ष्य के अंतर्गत जल्द इस दिशा में बढ़ा जाएगा।

श्रीं
प्लाट बेचना है
1980 वर्गफीट प्लाट बेचना है, मुड़ापार केरियर पब्लिक स्कूल के पास।
नोट : प्रापर्टी डीलर संपर्क न करें।
संपर्क करें
62681-46606

## फाग में घुला वीर रस, राजपूताना के शोर ने बनाया माहौल

### राजपूत क्षत्रिय समाज ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

**कोरबा।** महाराणा प्रताप प्रांगण में आयोजित मंदिर एवं परिसर में अलग-अलग रंगारंग सांस्कृतिक एवं कथात्मक तथा हास्य रस की पुट के साथ जब होली मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। वीर रस का फाग, 'वीरों यूं ही मनाते रहो होली, मां-बहनों की हिफाजत में भले चलानी पड़े गोली, मनाते रहो महाराणा के नाम पर होली' का गीत विभिन्न म्यूजिकल धुनों में जय-जय हो राजपूताना का स्वर गूंजता रहा।





इस अवसर पर समाज के गायन मंडलियों के रेडियो, टीवी कलाकार मनोज गिरी के निर्देशन में प्रमुख भोजपुरी गायक अशोक गिरी, मनोज सिंह, अरविंद सिंह, डॉ. कामता गिरी आदि कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भोजपुरी फाग लोकगीतों एवं चैता गीतों का रसास्वादन कराया गया। कार्यक्रम में समाज के संरक्षक ठा.आर.के.सिंह के मार्गदर्शन में समाज के जिलाध्यक्ष ठा. अवधेश सिंह के नेतृत्व में, वर्तमान उपाध्यक्ष विजय सिंह, सचिव मुकेश सिंह, सहसचिव छन्नू सिंह, कोषाध्यक्ष बच्चू सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष श्रेष्ठ सिंह ठाकुर, चंद्रहास सिंह, नरेश सिंह, पद्मसिंह चंदेल, बलदेव सिंह, कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह लाला, वरिष्ठ सदस्य ठा. मंटू सिंह, स्मित सिंह, यू.के.सिंह मामा, ठा. संजय सिंह, संदीप सिंह, डॉ. संदीप सिंह, संदीप सिंह, कमलेश सिंह, बच्चू सिंह, विकास सिंह, अभयराज सिंह, युवराज सिंह, दिनेश सिंह, प्रभात सिंह, संदीप सिंह, नगेंद्र सिंह, गिरिजेश सिंह, ओमप्रकाश सिंह समेत सभी लोग इस कार्यक्रम को सफल बनाने सक्रिय रहे। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, कांग्रेस नेता बी.एन.सिंह, शशि सिंह शामिल रहे। मासूम बच्ची गोलू सिंह का होली खेले रामलला गीत आकर्षण का केंद्र रहा।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोनः 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com